**आज का मौसम**
प्रात: और रात के समय कड़ाके की सर्दी के आसार।

| 19.6° | 05.8° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 55 | सूर्यास्त 05 : 48 |

## एक नजर

### माल सप्लाई के नाम पर 1.20 लाख हड़पे

**कानपुर।** बादशाहीनाका थानाक्षेत्र के हालसी रोड पर अजय अवस्थी की अवस्थी एंड संस नाम से फर्म है, जहां से वह टाइल्स का कारोबार करते हैं। अजय ने बताया कि गुजरात निवासी प्रकाश मन्दानी ने खुद को श्री शेरा फैक्ट्री का मालिक बताकर सेनेटरी का माल सप्लाई करने का झांसा दिया। 11 जुलाई 2023 को माल का आर्डर देकर उन्होंने प्रकाश को 1.20 लाख रुपया एडवांस दे दिया। लेकिन उन्हें माल नहीं मिला। पीड़ित ने प्रकाश के खिलाफ बादशाहीनाका थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी ने बताया जांच की जा रही है।

### काकादेव में छात्रों के बीच चले ईंट-पत्थर

**कानपुर।** काकादेव थानाक्षेत्र में शनिवार शाम छात्रों के बीच विवाद में जमकर ईंट-पत्थर चल गये। जिसमें चाय दुकान चलाने वाले युवक की दुकान पर भी कुछ पत्थर आकर गिरे। काकादेव थाना प्रभारी ने बताया छात्रों के बीच विवाद की जानकारी हुई है। आरोपियों की पहचान की जा रही है।

# मंदिर को बम से उड़ा देंगे... पर्चा चस्पा कर दी धमकी

## मेस्टन रोड स्थित प्राचीन श्री राम लक्ष्मण जानकी मंदिर में अराजकतत्वों ने चिपकाए पोस्टर, एफआईआर दर्ज

- मंदिर प्रबंधक भाजपा नेता को भी जान से मारने की धमकी
- डीसीपी पूर्वी समेत कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रविवार सुबह मेस्टन रोड स्थित प्राचीन श्री राम लक्ष्मण जानकी मंदिर में अराजकतत्वों ने पोस्टर चस्पा कर मंदिर व प्रबंधक को बम से उड़ाने की धमकी दी। पोस्टर चस्पा देख इलाके में हड़कंप मच गया। भाजपा पदाधिकारी, डीसीपी पूर्वी समेत कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी खंगाले। मंदिर प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धर्म का अपमान करना, सद्भाव बिगाड़ने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

नया चौक परेड निवासी रोहित साहू मेस्टन रोड स्थित श्री राम लक्ष्मण जानकी मंदिर (बीच वाला मंदिर) के प्रबंधक व भाजपा के जिला कार्यालय मंत्री हैं। मंदिर समिति में राकेश के पिता सुरेंद्र कुमार साहू सर्वाकार हैं। रोहित ने बताया कि मंदिर का निर्माण संवत 1730 में हुआ था। सन् 1852 में मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ था। रोहित ने बताया कि मंदिर के पुजारी फूलवाली गली निवासी उदय लुटोरिया 15 जनवरी को शादी समारोह में शामिल होने दतिया गए थे। जिसके बाद से वह ही पूजा अर्चना का कार्य कर रहे थे। पुजारी के जाने के बाद से मंदिर सुबह छह बजे किरायेदार संजय प्रताप सिंह खोलते थे। रोजाना की तरह रविवार सुबह छह बजे संजय ने मंदिर खोला। इसके बाद सुबह नौ बजे संजय की दुकान में काम करने वाला कर्मचारी फूलचंद्र पानी भरने आया तो मंदिर के मुख्य द्वार पर पोस्टर चस्पा देखा। पोस्टर पर मंदिर व प्रबंधक को बम से उड़ाने की बात लिखी थी। करीब 10 से 12 पोस्टर मंदिर प्रांगण में भी पड़े हुए थे। कर्मचारी की सूचना पर मंदिर समिति के पदाधिकारी मंदिर पहुंचे। सूचना पर डीसीपी पूर्वी तेज स्वरूप सिंह, एडीसीपी पूर्वी, कोतवाली पुलिस व फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि मंदिर प्रबंधक व मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। सीसीटीवी व लोकेशन की जांच की जा रही है। अज्ञात अराजकतत्वों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।


मेस्टन रोड का बीच वाला मंदिर उड़ाने की धमकी दी गई। अमृत विचार

### ये लिखा है पोस्टर में...

पोस्टर में लिखा है कि रोहित साहू अब बेटा पानी सिर से गुजर चुका है। हमारी बाबरी मस्जिद को तोड़कर जो तुम लोगों ने मंदिर बनाया, हम लोगों के दिल को दुखा रहे हो, जश्न मना रहे हो। आज तक इस मंदिर में कभी इतनी बड़ी पूजा आरती का कार्यक्रम नहीं हुआ और हम लोगों को जलाने के लिए पूजा आरती यह सब जो तुम कर रहे हो न भाजपा सरकार की वजह से बचे हुए थे, लेकिन अब हम लोग और बर्दाश्त नहीं करेंगें। हमारे मुसलमान भाइयों के दिलों को ठेस पहुंची है। इसका बदला हम जरूर लेंगे, मुस्लिम एरिया से गुजर कर जाता है तू अब देख तेरे साथ क्या करते हैं। तू अभी जानता नहीं है हम लोगों को, बहुत पूजा और आरती करने का शौक है। तेरा निकलना घर से दुश्वार कर देंगे। हम लोगों ने बहुत बड़े-बड़े कांड किए हैं। तू इस दुनिया में ही नहीं रहेगा तो पूजा क्या करेगा। मेरे पास गोलियों कट्टों की कमी नहीं है, न बम की कमी है। खुशियां मना रहे हो, हम लोगों को जला रहे हो, जोर-जोर से स्पीकर बजा रहे हो। अब हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। तुझे नहीं छोड़ेंगे। न तेरा मंदिर रहेगा न तू रहेगा। मंदिर को बम से उड़ा देंगे।



मंदिर के अंदर चिपकाया धमकी भरा पत्र। अमृत विचार


भाजपा जिलाध्यक्ष दीपू पांडे पहुंचे मंदिर। अमृत विचार

### मंदिर में लगा भाजपाइयों का जमावड़ा

मंदिर को बम से उड़ाने की सूचना पर भाजपाइयों का मंदिर में जमावड़ा लग गया। भाजपा उत्तरी जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय भी पहुंचे। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को इस मंदिर में भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन कराया गया था। जिलाध्यक्ष ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि मामले की गहनता से जांच की जाए। सभी बिंदुओं की जांच कर अराजकतत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

### मंदिर से चौराहे तक एक भी कैमरा नहीं

यहां जांच करने में पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस को जांच में सबसे ज्यादा कमी सीसीटीवी कैमरों की लगी। मंदिर से लेकर कोतवाली चौराहे तक एक भी सीसीटीवी कैमरा पुलिस को नहीं मिला। पुलिस ने मंदिर में बगल में मौजूद मस्जिद के आसपास भी सीसीटीवी कैमरे खंगाले, लेकिन खाली हाथ रहे। मंदिर के सामने स्थित एक दुकान में दो सीसीटीवी कैमरे पुलिस को मिले, लेकिन उनका रूख दूसरी तरफ होने के कारण अराजकतत्व उसमें कैद नहीं हो सके।

# टेंडर के तीन साल बाद भी काम नहीं

- अब जागे अधिकारी, फर्म को दी नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौबस्ता में तीन साल पहले नाला निर्माण के लिए नगर निगम ने टेंडर जारी किया था। फर्म ने खोदाई शुरू की पर काम पूरा नहीं किया। जिससे हालात और ज्यादा खतरनाक हो गए। अब जागे अधिकारियों ने फर्म के खिलाफ नोटिस जारी किया है। समय पर काम पूरा न करने पर फर्म को ब्लैक लिस्ट करने का अल्टीमेटम भी दिया है।

जोन तीन के वार्ड 88 स्थित नौबस्ता पुरानी बस्ती में विशाल प्रोविजन स्टोर से पन्नी फैक्ट्री तक नाले का निर्माण के लिए 22 नवंबर 2021 को नगर निगम ने टेंडर जारी किया था। नाला निर्माण मेसर्स इंडिया ट्रेडर्स को करना था। फर्म ने खोदाई कर मिट्टी वहीं छोड़ दी थी। तीन साल बाद भी नाले का निर्माण का काम पूरा नहीं हो सका। 24 जनवरी 2024 को नगर निगम के अधिकारियों ने मौके पर निरीक्षण किया। अधिकारियों ने भी माना है कि नाले के निर्माण के लिए खोदाई के बाद उसे छोड़ दिया गया। इससे पानी के रिसाव के चलते गड्ढे में पानी भर गया है। वहां से गुजरने वाले के लिए हालात और ज्यादा खतरनाक हो गए। अधूरे नाले से कभी भी कोई हादसा हो सकता है। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए नगर निगम ने संबंधित फर्म को नोटिस जारी किया है और 60 दिन में काम पूरा करने का निर्देश दिया है।

### अब नहीं रुकेगी स्ट्रीट लाइट की मरम्मत

**कानपुर।** शहर में स्ट्रीट लाइट की रिपेयरिंग में अब नगर निगम के हाइड्रोलिक लैडर बाधा नहीं बनेंगे। वर्तमान समय में नगर निगम के पास सात हाइड्रोलिक लैडर हैं जिनके जरिए नगर निगम के सभी 6 जोन में स्ट्रीट लाइट की रिपेयरिंग में मदद ली जाती है। यह आए दिन खराब हो जाते हैं। इससे दिक्कत होती है। समस्या को देखते हुए दो नए हाइड्रोलिक लैडर खरीदने के प्रस्ताव पर मंजूरी मिल गई है। हाइड्रोलिक लैडर न होने से स्ट्रीट लाइट की रिपेयरिंग का काम प्रभावित होने को लेकर मार्ग प्रकाश विभाग ने नगर निगम को अपनी रिपोर्ट दी थी। मार्ग प्रकाश ने दो स्माल हाइड्रोलिक लैडर खरीदने का प्रस्ताव बनाकर दिया था।

# भार्गव हास्पिटल और डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

- गलत इलाज से मरीज की मौत का आरोप लगाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दानाखोरी निवासी आदित्य राठौर ने इलाज में लापरवाही के आरोप में भार्गव हास्पिटल व महिला डॉक्टर के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

आदित्य ने बताया कि सितंबर 2023 को पत्नी सोनी राठौर (26) को भार्गव हास्पिटल में डॉ. स्वराज बाला की देखरेख में डिलीवरी के लिये भर्ती कराया था, जहां पत्नी ने बेटी को जन्म दिया। आरोप है कि ऑपरेशन के बाद से पत्नी सोनी की तबियत बिगड़ने लगी जिस पर डॉ राजबाला व स्टाफ को जानकारी दी। आरोप लगाया कि कई बार कहने के बाद भी डॉक्टर व स्टाफ की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया गया। काफी देर बाद पत्नी को स्टाफ द्वारा इंजेक्शन दिया गया, जिसके बाद तबियत और बिगड़ने लगी। अगले दिन सुबह चार बजे पत्नी सोनी को सर्वोदय नगर स्थित हास्पिटल रेफर कर दिया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

पीड़ित का आरोप है कि उसकी पत्नी की मौत गलत दवा व इंजेक्शन की वजह से हुई। इस संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।



रक्तदानियों ने शिविर में रक्तदान किया। अमृत विचार

# रामबाग झूलेलाल मंदिर में 52 लोगों ने किया रक्तदान

**कानपुर।** पी रोड रामबाग स्थित झूलेलाल मंदिर में दिवंगत कन्हैया लाल की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। युवा एकता सिंधी समाज के 34 वें आयोजन में 52 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन एमएलसी सलिल विश्नोई और सपा विधायक अभिताभ बाजपेई ने किया। सभी सिंधी पंचायतों के मुखिया और उनके सदस्यों ने संस्था का मनोबल बढ़ाया।


देहदान का संकल्प पत्र भरते प्रो. एचसी वर्मा। अमृत विचार

# पद्मश्री प्रो.एचसी वर्मा ने किया देहदान

**कानपुर।** कल्याणपुर के नानकारी निवासी पद्मश्री आईआईटी के रिटायर प्रो.एचसी वर्मा ने रविवार को अपनी देह की वसीयत देश के नाम करते हुए देहदान करने की घोषणा की।

युग दधीचि देहदान अभियान के प्रणेता मनोज सेंगर ने उनके सोपान आश्रम में पहुंच कर सभी कागजी कार्यवाही पूरी कराई। प्रो. वर्मा ने कहा कि वह वर्षों से चाहते थे कि उनकी देह भी राष्ट्र के काम आए। इस संबंध में मनोज सेंगर ने बताया कि इस प्रक्रिया में एक संकल्प पत्र संबंधित व्यक्ति द्वारा भरा जाता है। इस दौरान रंगनाथ त्रिपाठी, डॉ. अंशू सिंह सेंगर, डॉ. ऋषभ गुप्ता व डॉ. सुमित गुप्ता भी उपस्थित रहे।

# हत्या आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बीते नवंबर में काकादेव स्थित हॉस्टल में महिला केयर टेकर की हत्या के मामले में रविवार को काकादेव पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। पुलिस ने मामले का मुख्य आरोपी अर्जुन यादव को बनाया। पुलिस ने हत्या व रेप के आरोप में टिफिन सप्लाई करने वाले अर्जुन व उसके साथियों को जेल भेजा था।

काकादेव थानाक्षेत्र स्थित हास्टल में 13 नवंबर 2023 को महिला केयर टेकर लहूलुहान मिली थी। मौके पर टिफिन सप्लाई करने वाले युवक अर्जुन यादव भी मौजूद था। घटना के दौरान अर्जुन का साथी चिंटू, रोहित और रिंकू उसकी बेटी दूध दिलाने के बहाने बाहर ले गया था। दूध लेकर लौटी बेटी ने मां को खून से लथपथ देखकर शोर मचाया तो आरोपी मौके से फरार हो गए थे। बेटी ने हास्टल मालिक की मदद से महिला को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

रविवार को काकादेव पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। काकादेव इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया मामले की फारेंसिक रिपोर्ट अभी तक नहीं मिल सकी है। घटना का मुख्य आरोपी अर्जुन यादव को बनाया गया है। फोरेंसिक रिपोर्ट आने पर उसके तथ्य भी शामिल किये जाएंगे।

# जिलाध्यक्ष फरवरी में पहुंचें लखनऊ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जनसत्तादल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया का रविवार को नौबस्ता बाईपास पर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। प्रतापगढ़ से कार से कानपुर के रास्ते उरई जा रहे राजा भैया ने कानपुर जिलाध्यक्ष दर्पण सिंह भदौरिया से कहा कि फरवरी में सभी पदाधिकारी लखनऊ कार्यालय पहुंचे, ताकि लोकसभा चुनाव पर चर्चा व पार्टी विस्तार पर बात की जा सके। वहां प्रदेश के सभी जिलाध्यक्षों को बुलाया जा रहा है। स्वागत के दौरान छात्र प्रकाशन के अध्यक्ष आकाश सिंह, जिला प्रवक्ता सूरज ठाकुर, रिंकू ठाकुर भी मौजूद रहे।


नौबस्ता में राजा भैया का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

# सवारी बनकर बैठे चोर ने जेब काटी

**कानपुर।** ई-रिक्शा में सवारी बनकर बैठे एक आरोपी ने युवक की पैंट की जेब काटकर 10 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने चकेरी थाने में मामले की शिकायत की है।

चकेरी के अहिरवां निवासी अमित सिंह स्टेशनरी का काम करते हैं। बताया कि रविवार सुबह वह गांधीग्राम में एक स्टेशनरी से 10 हजार रुपये लेकर रामादेवी चौराहे से ई रिक्शा में बैठे थे। अमित ने बताया कि उनके बगल में एक युवक भी बैठ गया। रामादेवी चौराहे से पटेल नगर के बीच आरोपी ने उनके पैंट की जेब काट कर 10 हजार रुपये पार कर दिए। आरोपी पटेल नगर में उतर गया। युवक के जाने के बाद अमित को घटना की जानकारी हुई।

**खींच-तान** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आए कानपुर, की प्रेस वार्ता

# हिंदुओं को सौंपा जाए ज्ञानवापी परिसर : तोगड़िया

- जिसे एएसआई सर्वे पर विश्वास नहीं वो देश छोड़ दे
- मोदी-योगी पर पूरा विश्वास मथुरा में जल्द बनेगा मंदिर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने कहा है कि ज्ञानवापी परिसर को पूजा के लिए हिंदुओं को सौंप देना चाहिये। ज्ञानवापी में भव्य शिवमंदिर था। आज भी वहां शिवलिंग है। मंदिर के अवशेष हैं। शिवलिंग की रोज पूरा होनी चाहिये। मथुरा में भी अयोध्या की तरह भव्य मंदिर बनना चाहिये। उन्होंने कहा कि जिसे एएसआई सर्वे पर विश्वास नहीं है वह भारत छोड़कर अन्य दूसरे देश जा सकता है। भारत में महादेव का अपमान करने वालों का कोई स्थान नहीं है।

हीरागंज जरीब चौकी स्थित जीनत मार्केट में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की प्रेस वार्ता में तोगड़िया ने कहा कि जब तक मोदी, योगी अमित भाई हैं तब तक कोई कारसेवा की जरूरत नहीं है। लड़ाई-झगड़े और गोली की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि 1992 का यथास्थिति धर्म स्थान कानून संसद में रद किया जाए, अनुच्छेद 370 को जिस तरह हटाया, यह कानून भी हटाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि युद्ध के माहौल में लड़ना होता है, जबकि भोजनालय में भोजन खाना होता है। अब युद्ध का समय खत्म हो गया है। हमें मोदी-योगी पर पूरा भरोसा है कि जल्द से जल्द मथुरा का मंदिर भी बनेगा।



प्रेस वार्ता में बोलते प्रवीण तोगड़िया। अमृत विचार

### नीतीश कुमार पर दिया बयान

प्रवीण तोगड़िया ने बिहार की राजनीति में चल रहे वर्तमान परिवर्तन के बारे में कहा कि यहां किसके मन में क्या है, यह सिर्फ भगवान जानता है। राजनीति में आज कौन किसके साथ खायेगा और दूसरे दिन किसके साथ झगड़ा करेगा यह तो उनको खुद नहीं पता रहता। उन्होंने कहा कि नीतीश के मन में क्या था हम कैसे बता सकते हैं।

### जनसंख्या नियंत्रण का कानून लाएंगे

प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि हम जनसंख्या नियंत्रण का कानून लाएंगे और मुसलमानों की बढ़ती जनसंख्या पर रोक लगाएंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह हम लोगों ने राम मंदिर निर्माण के लिये 12 जन जागरण किये वैसे ही हिंदुओं को जगाने के लिये जन जागरण अभियान शुरू करेंगे। हम चाहते हैं कि हिंदुओं को रहने को मकान, किसानों को सही दाम, रोजगार आदि जरूरी चीजें मिलें बस यही लक्ष्य है। अंत में कहा कि राम मंदिर की सेवा करने वालों को राम जी जरूर पसंद करेंगे।

### कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूद

प्रवीण तागड़िया पहले पनकी भाटिया होटल फिर जरीब चौकी और इसके बाद किदवई नगर में कार्यकर्ताओं से मिले और आगे के अभियानों पर चर्चा की। प्रांत अध्यक्ष अतुल द्विवेदी, राम जी तिवारी, रवि सचान, सुनील निधि अवस्थी, अशीष वर्मा, हिमांशु गुप्ता, शनि निषाद, आशू शर्मा, अरविंद सिंह चौहान मौजूद रहे।

# दहेज रहित विवाह को करें जागरूक

**कानपुर।** विश्वकर्मा समाज उत्थान समिति ने मां शारदा लॉन जरौली में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया। उद्घाटन विनोद कुमार शर्मा ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया।

मुख्य अतिथि होरीलाल शर्मा ने समाज के लोगों को दहेज रहित सामूहिक विवाह पद्धति अपनाने पर जोर दिया। साथ ही लोगों को इसके लिए जागरूक करने को कहा गया। समिति के अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा ने समाज के लोगों को अधिक से अधिक सामूहिक विवाह को अपनाने के लिए प्रेरित किया जिससे समाज में शादी विवाह में होने वाली रुकावटों को दूर किया जा सके। कार्यक्रम में कई जोड़ों ने सात फेरे लिए। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संकल्प लिया। समिति ने सभी जोड़ों को उपहार स्वरूप घर गृहस्थी का सामान दिया।

# जेल से छूटे गैंगस्टर ने रैली पर किया हमला

- बर्रा सी ब्लॉक से निकल रही रैली पर पथराव, घेर कर युवकों को लोहे की रॉड से मारा भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पांच दिन पहले जेल से छूटकर आए गैंगस्टर अजय ठाकुर ने पुरानी रंजिश के चलते रविवार को अपना दल एस की रैली में शामिल युवकों पर हमला कर दिया। पथराव से रैली में शामिल 10 से 12 बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं और चार युवक घायल हो गए। पुलिस ने अजय ठाकुर व उसके साथियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, बलवा समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की।

जरौली फेस वन निवासी आलोक कुमार अपना दल एस के नगर महासचिव हैं। आलोक ने बताया कि रविवार को वह कार्यकर्ताओं संग बाइक व कारों से संदेश यात्रा निकाल कर किदवई नगर स्थित पार्टी के कार्यालय जा रहे थे। रैली बर्रा सी ब्लॉक में पहुंची ही थी कि गैंगस्टर अजय ठाकुर अपने साथियों अर्पित ठाकुर, शिवांश ठाकुर, अभय भदौरिया, टोबो तिवारी, साहिल सोनकर, गौतम मोगा संग गाली गलौज करने लगा। इसके बाद रैली में शामिल युवकों पर पथराव कर दिया। जिससे रैली में भगदड़ मच गई। इसके बाद गैंगस्टर ने साथियों संग बर्रा सात के पास रैली को घेर कर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में 12 से अधिक बाइक व कार क्षतिग्रस्त हो गईं। रैली में शामिल सर्वेश शुक्ला, आर्यन कटियार समेत चार लोग घायल हो गए। एडीसीपी अंकिता शर्मा ने बताया कि गैंगस्टर व उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

# कर्मचारियों ने पेट्रोल पंप मालिक के 22 लाख ठगे, दो गिरफ्तार

## साइबर क्राइम की टीम ने आरोपीदबोचे, मर्चेंट राइट लेकर दिया था वारदात को अंजाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पेट्रोल पंप मालिक का धोखाधड़ी कर मर्चेंट राइट लेकर क्यूआर कोड के माध्यम से मिलने वाले भुगतान को खुद के खाते में ट्रांसफर कर दो कर्मचारियों ने करीब 22 लाख की ठगी कर ली। पंप संचालक ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर दो कर्मचारियों को गिरफ्तार कर 10 लाख रुपये फ्रीज कराए।

छेदी सिंह पुरवा निवासी रामनरेश अवस्थी ने 27 जनवरी को साइबर थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रामनरेश ने बताया था कि गंगा बैराज-मंधना रोड पर उनका पेट्रोल पंप है जिसमें पेटीएम मर्चेंट अकाउंट और एसबीआई अकाउंट के लेनदेन में 22 लाख रुपये का हेरफेर है। साइबर थाना प्रभारी हरमीत सिंह ने पेटीएम अकाउंट और बैंक अकाउंट की डिटेल खंगाली। जांच में पाया कि क्यूआर कोड के माध्यम से लिया गया रुपया कुछ लोगों को लौटाया गया है। लौटाने वाले अकाउंट की डिटेल निकाली तो वह पंप के दो कर्मियों हरिओम पाल और अन्नू पाल के मिले। दोनों अपना अपराध स्वीकार किया। एडीसीपी क्राइम मनीष सोनकर ने बताया कि आरोपियों ने पार की गई रकम अपने अलग-अलग चार खातों में ट्रांसफर की थी। आरोपियों के चारों खातों में मौजूद करीब 10 लाख रुपयों को फ्रीज कराया गया है।


पकड़े गए कर्मचारी। अमृत विचार

### इस तरह पता चली ठगी

एडीसीपी ने बताया कि आरोपी पिछले मार्च माह से पेट्रोल पंप संचालक से ठगी कर रहे थे। चूंकि पंप पर रोजाना बिके पेट्रोल का हिसाब नकद और पेटीएम पर मिले भुगतान के मिलान से होता है, जिस कारण रोजाना का हिसाब पूरा हो जाता था। इसके बाद 24 घंटे के भीतर आरोपी पेटीएम में भेजा पैसा वापस अपने खातों में ट्रांसफर कर लेते थे। यह घालमेल कई महीनों से लगातार चल रहा था। खाते में पैसा कम होने के कारण संचालक को साइबर ठगी की आशंका हुई थी, जिसके बाद रामनरेश ने मामले की जानकारी पुलिस को दी थी।

### ऐसे शुरू किया था घालमेल

एडीसीपी ने बताया कि पेट्रोल भरवाने के दौरान क्यूआर कोड मांगने पर आरोपी अपने खाते का क्यूआर कोड देते थे। इसके बाद पंप के खाते में पेमेंट कर देते थे। मर्चेंट क्यूआर का एक्सेस मिलने के कारण पेट्रोल पंप के खाते में डाली गई रकम वह दोबारा वापस निकाल लेते थे। इंस्पेक्टर हरमीत सिंह ने बताया कि मर्चेंट राइट्स या एडमिन राइट्स लेने पर यूजर को 24 घंटे तक रुपये डालने व वापस लेने की अनुमति होती है। पेट्रोल पंप संचालक के खाते में पैसे का मैसेज आने की जानकारी होने के बाद 24 घंटे के भीतर आरोपी दोबारा पैसा निकाल लेते थे।

### ओटीपी की मदद से लिया पेमेंट राइट्स

एडीसीपी ने बताया कि आरोपी बीते कई वर्षों से पेट्रोल पंप पर काम कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने रामनरेश के मोबाइल नंबर पर आने वाले ओटीपी की मदद से पेमेंट्स राइट्स का आप्शन एक्टीवेट किया और इसी की मदद से रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करते रहे।

### इलाज व उधार चुकाने में खर्च किया पैसा

हरिओम व अन्नू ने सारा पैसा उधारी व मां के इलाज के खर्च किया। एडीसीपी ने बताया कि अन्नू की मां काफी समय से बीमार चल रही थीं। पेट्रोल पंप से बेहिसाब कमाई होने के बाद अन्नू ने अपना मां का इलाज कराया था। अन्नू ने बीते नौ माह में अपनी मां को करीब आठ से 10 लाख रुपया दिया। वहीं हरिओम में अपनी उधारी चुकाई।

# एसडीएम ने चेक की असलहे की दुकान

**रनियां।** आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है इसी क्रम में नगर पंचायत रनियां के चितिकपुर में संचालित परिहार गन हाउस में रविवार की दोपहर एसडीएम सदर अवनीश कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी अकबरपुर तनु उपाध्याय निरीक्षण करने पहुंचे।

एसडीएम सदर ने दुकान में रखे नए शस्त्रों, डबल बैरल, राइफल, ग्राहकों के जमा किए गए असलहे तथा कारतूसों का स्टाक रजिस्टर चेक किया। पूछताछ में सबकुछ ठीक तथा अभिलेख दुरुस्त मिले। इसके बाद रनियां कस्बे में पैदल भ्रमण कर स्थानीय लोगों तथा दुकानदारों से बातचीत कर हाल-चाल पूछा।

इस दौरान एसओ रनियां महेंद्र पटेल क्षेत्रीय लेखपाल प्रदीप गौड़ व पुलिस फोर्स मौजूद रहा।


असलहे की दुकान चेक करते एसडीएम सदर अवनीश कुमार। अमृत विचार

### बीच सड़क युवक की डंडे से पिटाई

**कानपुर।** थाना नवाबगंज के एचबीटीयू चौराहा केसा के पास एक ई-रिक्शा चालक ने खुलेआम दबंगई की। उसने बीच सड़क युवक की डंडे से जमकर पिटाई की। एचबीटीयू चौराहा केसा के पास गलत दिशा से ई-रिक्शा आ रहा था। उसने साइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी। इसके बाद ई- रिक्शा चालक उल्टा युवक से गाली गलौच करने लगा। साइकिल सवार युवक ने विरोध किया तो ई-रिक्शा चालक ने डंडा निकालकर युवक की जमकर पिटाई कर दी। अन्य राहगीरों ने किसी तरह उसे बचाया। चालक धमकी देता हुआ फरार हो गया। बाद में युवक की पिटाई का वीडियो वायरल हो गया।

## सार-संक्षेप




श्रमजीवी समाचार पत्र विचरक मंच ने किया आयोजन। अमृत विचार

### समाजसेवा के संकल्प के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

**कानपुर।** श्रमजीवी समाचार पत्र वितरक मंच और संयुक्त मोर्चा ने सर्वोदय नगर सेन्टर पर धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया। इस अवसर पर समाजसेवा का संकल्प और कंधे से कंधा मिलाकर चलने संदेश दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष सर्वेश मिश्रा, संजय शुक्ला, राजेश शुक्ला, शिवचरण सविता, मुकेश कुशवाहा, चन्द्र शेखर, प्रदीप शर्मा, कौशल किशोर, धर्मेंद्र, अमित द्विवेदी, दिनेश यादव, राजेन्द्र प्रजापति, वीर सिंह, अंकुर, शिवनारायण, मिथुन, दिलीप, कमल कुमार, जितेन्द्र, पवन, गोविन्द, अमित भाटिया और संयुक्त मोर्चा से दुर्गा शंकर द्विवेदी एवं सभी संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी और सेन्टर इंचार्ज सम्मिलित हुए।

### मां कल्याणी का सजा भव्य दरबार

**कानपुर।** मां कल्याणी सिद्ध पीठ खंडेह दरबार में 22 वां भव्य जागरण, मां काली का पूजन और हवन किया गया। आवास विकास रेसकोर्स मैदान दयालपुरम में ब्रह्मलीन गुरुजी ईश्वर चंद दुबे की याद में कार्यक्रम किया गया जिसमें मां का भव्य दरबार सजाया गया। जागरण में भक्तों ने झूमकर अपनी हाजिरी लगाई। श्याम जी,घनश्याम जी पार्टी के भजनों से आए हुए श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। विशाल भंडारा भी हुआ। ऋषि दुबे, लक्ष्मी दुबे, बाबू मामा, वीएन तिवारी, लकी दुबे, प्रियंका दुबे, अभय त्रिपाठी, बालमुकुंद पंडित, टिंकू गुप्ता, शिवा, आलोक गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, अनिल वाजपेयी, ,गौरव प्रजापति, विजय गुप्ता, अभिषेक यादव, राजू तिवारी आदि उपस्थित रहे।


माता का दरबार सजा। अमृत विचार


बुजुर्गों का सम्मान भी किया गया। अमृत विचार

### प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र का उद्घाटन

**कानपुर।** गोविंद नगर स्थित आरके सिंधी संघ हॉस्पिटल में प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र का रविवार को डॉ. रमेश टेवानी ने उद्घाटन किया गया। सेठ रतन चंद्र कल्लूमल ब्रह्म खत्री चैरिटेबल ट्रस्ट ने लोगों की सेवा के लिए इसको खोला है। जिसमें अब लोग प्राकृतिक तरीके से रोगों की चिकित्सा करा सकेंगे। इस अवसर पर संत भोलाराम, हीरा लाल खत्री, जय हेमराजानी, कमल आसरानी, वैभव वतवानी, अशोक अगनानी, राजा पाखरानी, लक्ष्मी सावलानी, महेश बजाज के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।



भाजपा में शामिल होते रूठे कार्यकर्ता। अमृत विचार

### गलती मानकर भाजपा में फिर शामिल हुये

**कानपुर।** नगर निगम के चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल कार्यकर्ताओं ने गलती स्वीकार करते हुये दोबारा भाजपा की सदस्यता ली। जॉइनिंग कमेटी के सदस्य पूर्व विधायक राकेश सोनकर, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश राय के सामने पेश होकर गीता नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने कहा की भाजपा हमारी पार्टी है जो गलती हमसे हुई उसके लिए क्षमा चाहते हैं। आगे पार्टी के विरुद्ध कोई भी गतिविधि नहीं करेंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दीपू पांडे के नेतृत्व में प्रमुख रूप से मीडिया संपर्क प्रमुख श्यामू तिवारी, मंडल महामंत्री शुभम कुशवाहा, सेक्टर अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, पूर्व मंडल संयोजक प्रमोद सिसोदिया, धीरेंद्र सिंह, सुमित सिंह, राहुल सिंह, आनंद सिंह, अभिषेक, सत्यम बाजपेई, उमेश सविता, नितिन बाजपेई शामिल हुये।

### भाई के साथ जा रही युवती से छेड़छाड़

**कानपुर।** बर्रा थाना क्षेत्र में छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंगों ने युवती के भाई की जमकर पिटाई की। पिटाई से युवक के सिर में गंभीर चोट आई है। पीड़ित ने तीन युवकों पर छेड़छाड़ और पिटाई का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार थाने में तहरीर देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित का आरोप है कि थाने में मौजूद पुलिस कर्मचारियों ने मेडिकल न कराकर कल आने की बात कहकर टरका दिया। उसने उच्चाधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है।

### कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन फाइनल में

**कानपुर।** कन्नौज क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से 5वीं ओमप्रकाश पाठक स्मारक राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच केसीए व एचआर एकेडमी के बीच हुआ। जिसमें केसीए ने आदेश व शारिम के खेल के दम पर एचआर एकेडमी को 7 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। केके बोर्डिंग मैदान पर एचआर एकेडमी ने 27 .3 ओवर में 140 रन बनाए। इसमें गोविंद ने 29 रन बनाए, तो गेंदबाजी मेंशारिम ने 3 को आउट किया। जवाब में केसीए एकादश ने 16 .2 ओवर में 3 विकेट पर 143 रन बनाकर मैच जीता। जीत में आदेश ने 82 रन की अर्द्धशतकीय पारी खेली।

# देश आज लाला लाजपत राय के सपने के मार्ग पर

- जयंती पर डा. राधेश्याम मिश्र को स्मृति सम्मान दिया गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हरिहर नाथ शास्त्री भवन में रविवार को लोक सेवक मंडल ने पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की 159 वीं जयंती मनाई।

इस अवसर पर राष्ट्रीय कवि डा. राधेश्याम मिश्र को साहित्य के क्षेत्र में लाला लाजपत राय स्मृति सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। कवियों ने कविताओं के माध्यम से और वक्ताओं ने भाषणों में उनके योगदान को याद किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के मंत्री नौशाद आलम मंसूरी ने किया। उपाध्यक्ष राम किशोर वाजपेयी ने कहाकि मौजूदा समय में राष्ट्र निर्माण की जो कल्पना की जा रही है, उसकी पहल आजादी के पहले स्वतंत्रता आंदोलन के समय लाला लाजपत राय ने की थी।

इस अवसर पर पूर्व कांग्रेस विधायक भूधर नरायण मिश्र ने कहा कि लाला लाजपत राय ने देश के लिए अंग्रेजों से लोहा लिया था। वे इरादों के बहुत पक्के थे। उन्होंने स्वदेशी राष्ट्र की पहल की थी। डीएवी कॉलेज, पंजाब नेशनल बैंक और पत्रकारिता के क्षेत्र में द पीपुल, वंदे मातरम अखबार का संचालन किया था। कार्यक्रम का संचालन दिवाकर निगम ने किया।

## मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**कानपुर देहात।** रूरा डेरापुर मार्ग पर गलुआपुर के पास शनिवार देर रात तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर कन्नौज जिले का रहने वाला बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी डेरापुर में भेजा। वहां मृत घोषित कर दिया।

ग्राम लुखरिया कन्नौज निवासी तीस वर्षीय श्रीकांत पुत्र राम चंद्र यादव सीएचसी डेरापुर में 108 एंबुलेंस का चालक था। शनिवार को ड्यूटी समाप्त होने के बाद वह देर रात बाइक से रिश्तेदारी में रूरा थाना क्षेत्र के अचलीपुरवा गांव जा रहा था। रूरा डेरापुर मार्ग पर स्थित गलुआपुर के पास पेट्रोल पंप के सामने अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह उछलकर जा गिरा।

### इलाज के दौरान केजीएमयू लखनऊ में दम तोड़ दिया

# कंघी मोहाल विस्फोट के मुख्य आरोपी आमिर की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया शव
- 23 जनवरी को हुआ था विस्फोट


आमिर।

**अमृत विचार।** कंघी मोहाल में बारूद से हुए विस्फोट में घायल मुख्य आरोपी आमिर की रविवार को इलाज के दौरान लखनऊ के केजीएमयू में मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। धमाके में घायल महिला गजाला व बच्ची तूबा का इलाज केजीएमयू में चल रहा है।

बजरिया थानाक्षेत्र के कंघी मोहाल में 23 जनवरी की दोपहर भीषण धमाका हुआ था। आमिर, गजाला व तूबा गंभीर रूप से घायल हुए थे। जिन्हें हैलट और उर्सला में इलाज के बाद केजीएमयू रेफर कर दिया गया था। फोरेंसिक जांच में धमाका पोटेशियम नाईट्रेट का बताया गया। इसका इस्तेमाल माचिस और पटाखा बनाने में किया जाता है। रविवार को केजीएमयू में आमिर की मौत हो गई। आमिर की मौत के बाद अब बजरिया पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस का मानना था कि आमिर के स्वस्थ होने के बाद पूछताछ करेगी, लेकिन उसकी मौत हो गई।

### बयान दर्ज नहीं हो सके

तीनों घायलों की हालत बेहद नाजुक होने के कारण बयान दर्ज नहीं हो पा रहे थे। कई टीमों की जांच के बाद 24 जनवरी की शाम को घायल आमिर, गजाला व एक अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

# पटेल प्रापर्टीज टीम ने केआरएस को हराया

खेल के मैदान से

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केसीए की कानपुर क्रिकेट लीग फॉर ओशो ट्रॉफी में पटेल प्रापर्टीज ने केआरएस को 74 रन से हराया। पटेल प्रापर्टीज ने 30 ओवर में 7 विकेट पर 278 रन बनाए। इसमें जितेंद्र सिंह ने 77 व मोहिंदर ने 62 रन बनाए। जवाब में केआरएस की पूरी टीम 30 ओवर में 204 रन ही बना सकी। जिसमें यश ने 48 रन बनाए। अंकित दुग्गल ने 3 को आउट किया।

## डीपीएस कल्याणपुर विजयी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कल्याणपुर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में जेएसएस इंटर स्कूल फुटबॉल चैंपियनशिप-2024 का फाइनल मैच रविवार को खेला गया। इसमें डीपीएस कल्याणपुर की टीम और वेलफेयर मिशन इंटरनेशनल स्कूल की टीम के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। दोनों ही टीमों की ओर से पहले हॉफ व दूसरे हॉफ में गोल करने के कई प्रयास किए गए, लेकिन सफलता नहीं मिली और तय समय पर दोनों ही टीमें बराबरी पर रहीं। मैच का फैसला टाईब्रेकर के माध्यम से हुआ, जिसमें डीपीएस कल्याणपुर ने वेलफेयर मिशन इंटरनेशनल स्कूल की टीम को 4-3 से पराजित कर खिताब जीता। उपविजेता वेलफेयर मिशन इंटरनेशनल स्कूल व तीसरे स्थान पर सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल रहा। बेस्ट खिलाड़ी वेलफेयर मिशन इंटरनेशनल स्कूल के शुभम पाल रहे।

## नानचाकू में पदक जीते 16 खिलाड़ियों ने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गैंजेस क्लब में तृतीय राष्ट्रीय नानचाकू चैंपियनशिप हुई जिसमें 16 खिलाड़ियों ने पदक जीते। मुख्य अतिथि नानचाकू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विजय कपूर व चेयरमैन डॉ. रोहित सक्सेना ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुरुआत की। पदक विजेताओं में अथर्ववीर, आनंद कुमार, शब्द शर्मा, देवाशीष, तनिष्क वर्मा, आनंद साहू, लक्ष्मी पाल, सृष्टि पाल, सौभाग्य, संकल्प गैर, भवन भट्ट, आशुतोष गुप्ता, आराध्या गुप्ता, एलिना, शौर्य गुप्ता, तनिष्क रहे। एसोसिएशन के महासचिव बाबुल वर्मा ने जानकारी दी कि मुख्य अतिथियों ने विजेताओं को मोमेंटो व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर टेक्निकल डायरेक्टर राज प्रकाश शर्मा, विजय कुशवाहा, यूथ वर्क एसोसिएशन के चेयरमैन कार्तिक कपूर, गैंजेस क्लब के सचिव नवीन मल्होत्रा, डायरेक्टर सुरेश पुरी, जिला पंचायत अधिकारी कन्नौज राजेंद्र प्रकाश, जगत बाबू शर्मा, योगेंदब शर्मा आदि मौजूद रहे।

### सोनेट क्लब विजयी

**कानपुर।** केसीए की केडीएमए क्रिकेट लीग में सोनेट क्लब ने आईआईटी को 4 विकेट से पराजित किया। आईआईटी मैदान पर आईआईटी ने 19 .2 ओवर में 78 रन बनाए। जवाब में सोनेट क्लब ने 22 ओवर में 6 विकेट पर 79 रन बनाकर मैच जीता।

# लूट के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

संवाददाता शिवली

- बैरी मैथा मार्ग पर घटना को दिया था अंजाम

**अमृत विचार।** पच्चीस दिन पूर्व कोतवाली क्षेत्र के सूरजपुर गांव के सामने बैंक से पैसा निकाल कर वापस आते समय डेयरी संचालक से हुई लूट के मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त को तमंचा व लूटे गए कुछ रुपये के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है।


आयुष सिंह।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के रास्तपुर गांव निवासी आशुतोष अग्निहोत्री तीन जनवरी की दोपहर में मैथा बैंक में पैसे निकालने गए थे। वहां से वापस आते समय बैरी मैथा मार्ग पर सूरजपुर गांव के समीप पीछे से आए दो बाइक सवार लुटेरों ने चालीस हजार रुपये बाइक की चाबी व एटीएम कार्ड छीन लिया और फरार हो गए थे। पुलिस पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। शनिवार की रात में गश्त के दौरान बाघपुर चौकी इंचार्ज कालीचरण दरोगा मो. हसिक ने मैथा नहरपुल के पास लालपुर सरैया निवासी आयुष सिंह उर्फ पोलार्ड को एक अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बीते दिनों हुई लूट की बात स्वीकारी और बताया की उसने गांव के ही सूरज के साथ घटना को अंजाम दिया था कोतवाल शिव नारायण सिंह ने बताया की आरोपी के पास से लूट के ग्यारह हजार रुपये बरामद हुए हैं। शेष पैसा सूरज के पास है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा जायेगा।

आयोजन — जीसीटीआई में पूर्व छात्रों ने याद किए पुराने दिन, मैच खेल यादें कीं ताजा, छात्रों को बताए सफलता के मंत्र

# सिल्वर जुबली में पूर्व छात्रों का किया सम्मान, पुरानी यादों में खोये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान में दो दिवसीय सिल्वर जुबली समारोह का रविवार को समापन हुआ। इस दौरान संस्थान के 1999 बैच के छात्रों ने पुराने दिनों को याद किया। यादें ताजा करने के लिए एक क्रिकेट मैच भी खेला गया। साथ ही छात्र-छात्राओं को सफलता के मंत्र बताए।

संस्थान के पूर्व छात्र एसोसिएशन के अध्यक्ष जीपी मिश्रा ने सभी पुराने साथियों का स्वागत किया। संस्थान के निदेशक डॉक्टर जी नलनकिल्ली ने पूर्व छात्रों को संस्थान की वर्तमान स्थिति एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारियां दीं। कॉलेज के प्लेसमेंट अधिकारी और इसी बैच के छात्र रहे डॉक्टर जेपी सिंह अपने पुराने दिनों को याद करते हुए भावुक हो गए। संयोजक डॉक्टर अरुण कुमार सिंह गंगवार ने छात्रों को पूर्व छात्रों से सीखने और जीवन में आगे बढ़ने को प्रोत्साहित किया। वहीं क्रिकेट मैच में जीसीटीआई 11 ने यूपीटीटीआई 11 को 40 रनों से हराया। जीसीटीआई में पूर्व छात्र और यूपीटीटीआई में वर्तमान छात्र रहे।

इस दौरान डा. जेपी सिंह, अजय राणा, सुधांशु शंकर, विशेष नौटियाल, राकेश कुमार, नीरज सिंह, निकुंज शर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, अतीक गुप्ता, नवीन कुमार शर्मा, दीपक गोस्वामी, सुमित अग्रवाल, आर्येंद्र आर्य, राजेश कुमार, शेखर पति, अरुण प्रकाश शर्मा सहित 15 अलुमिनी उपस्थित रहे।


क्रिकेट मैच की विजेता पूर्व छात्रों की टीम। अमृत विचार


पूर्व शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। अमृत विचार


### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**कानपुर देहात।** गजनेर थाना क्षेत्र के लोहारी गांव निवासी पप्पू किसी काम से थाना क्षेत्र के बखरिया गए थे। देर रात वहां से लौटते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे पप्पू गंभीर रूप से जख्मी हो गया राहीगीरों की मदद से घायल युवक को गजनेर सीएचसी लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों में कोहराम मच गया।



# फेफड़े की टीबी से दिल की बीमारी

अमृत विचार विशेष



## कॉर्डियोलाजी संस्थान में शोध

- दिल की मांशपेशियों में नसों के गुच्छे बनने से थोड़ा सा चलने पर मरीजों की फूलने लगती थी सांस
- मांसपेशियां कमजोर होने से दिल तक नहीं पहुंचता रक्त, पेसमेकर लगाने से भी नहीं मिला आराम
- कार्डियक एमआरआई कराने से पता चली बीमारी सही इलाज के बाद 35 में 28 मरीज हुए स्वस्थ
- कोशिकाओं की सूजन कम करने से मिला आराम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लंग्स (फेफड़े) में होने वाली टीबी दिल को भी कमजोर करती है। ऐसे में टीबी रोगियों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। कॉर्डियोलॉजी में हुए एक शोध में फेफड़े की टीबी से पीड़ित 35 रोगियों के दिल की तीनों दीवारों की मांसपेशियों पर नसों के गुच्छे जैसा उभार मिला, इसके कारण उन्हें चलने-फिरने में सांस फूलने की दिक्कत हो रही थी।

रावतपुर स्थित कार्डियोलॉजी संस्थान में अक्सर मरीज सांस फूलने या थोड़ा सा चलने-फिरने पर थकान होने की समस्या लेकर आते हैं। इनमे से कुछ मरीज दवा से ठीक नहीं हो पाते हैं और उनका इलाज सालों चलता है। इसे देखते हुए संस्थान के एसोसिएट प्रो. संतोष कुमार सिन्हा ने दो साल में 35 मरीजों पर शोध किया। इन 35 मरीजों की ईसीजी, ईको, टीएमटी आदि जांच की गई। जांच में दिल की पंपिंग 35 प्रतिशत ही मिली, जो दिल के लिए काफी नुकसानदेह है। मरीजों को आराम मिल सके और वह जल्दी ठीक हो सकें, इसके लिए शोध टीम ने मरीजों को पेसमेकर या इंप्लांटेबल कार्डियोवर्टर डिफब्रीलिएटर लगाकर दिल की पंपिंग बढ़ा दी। इससे मरीज ठीक होकर घर चले गए, लेकिन कुछ समय बाद उन्हें फिर से पुरानी दिक्कत होने लगी। इस पर इन मरीजों की एंजियोग्राफी, एक्सरे व अल्ट्रासाउंड जांच की गई, लेकिन समस्या का पता नहीं चल सका। ऐसे में शोध टीम ने 30 से 40 साल उम्र के 35 मरीज चिह्नित करके उनकी लखनऊ के संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट में कार्डियक एमआरआई कराई। इसमें दिल की तीनों दीवारों की मांसपेशियों पर नसों के गुच्छे जैसा उभार नजर आया। इस कारण मांसपेशियां कमजोर होने से दिल की पंपिंग प्रभावित होने का पता चला। मरीजों में सारकाइडोसिस (कोशिकाओं की सूजन) की स्थिति देखकर दवाएं दी गईं तो नसों के गुच्छे गलने लगे।

> शोध में सामने आया है कि फेफड़े की टीबी दिल को भी बीमार बना रही है। जरा सा चलने पर ऐसे मरीजों की सांस फूलने लगती है और थकान महसूस होती है। ये परेशानी फेफड़े में टीबी की वजह से होती है। मर्ज पकड़ में आने के बाद इलाज करने पर 26 मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो गए हैं। बाकी में भी सुधार है। शोध अंतर्राष्ट्रीय मेडिकल जर्नल में प्रकाशन के लिए भेजा जा रहा है।
>
> – संतोष कुमार सिन्हा
> एसोसिएट प्रोफेसर,
> कॉर्डियोलाजी संस्थान

# सीएलआरआई युवाओं को देगा लेदर स्टार्टअप शुरू करने में विशेषज्ञ मदद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** केंद्रीय चर्म अनुसंधान संस्थान (सीएलआरआई) का क्षेत्रीय केंद्र शहर में लेदर से जुड़े स्टार्टअप शुरू करने वाले युवाओं की मदद करेगा। इसके लिए संस्थान में अगले माह से एक्सपर्ट सेल खोला जा रहा है, जो संस्थान से प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को प्राथमिकता पर विशेषज्ञ सुझाव और अनुभव देगा।

सीलआरआई का क्षेत्रीय केंद्र शहर में चर्म उद्योग से युवाओं को जोड़ने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए संस्थान ने युवाओं के स्टार्टअप को मदद करने की पहल की है। इसमें चर्म उद्योग विशेषज्ञ युवाओं को कारोबार से संबंधित जानकारियां देंगे। संस्थान का उद्देश्य है कि शहर की पहचान माने जाने वाले चर्म कारोबार में बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी हो सके। इसके लिए एक्सपर्ट सेल से शुरुआत में उन युवाओं को जोड़ा जाएगा जो संस्थान में प्रशिक्षण ले चुके हैं। ऐसे युवा जो चर्म कारोबार में स्टार्टअप शुरू कर रहे हैं, उन्हें सेल की सहायता के लिए कागजी औपचारिकता पूरी करनी होगी। सीएलआरआई क्षेत्रीय केंद्र के प्रभारी वैज्ञानिक अभिनंदन कुमार ने बताया कि चर्म कारोबार में आगे बढ़ने के लिए अनुभव बहुत जरूरी है। संस्थान ने हाल में 25 युवाओं को प्रशिक्षण दिया है। इन युवाओं को चमड़ा उत्पादन से निर्यात तक के गुर सिखाए गए हैं। अभी तक शहर में चमड़े से जुड़े शोध और स्टार्टअप के लिए युवा सलाह लेने के लिए निर्यातकों तक ही सीमित थे। लेकिन संस्थान की पहल से युवाओं को एक ही जगह पर विशेषज्ञ सुझाव और अनुभव हासिल हो सकेंगे।

# 150 और टेनरियों का गंदा पानी शोधित करने को परीक्षण शुरू

- जाजमऊ में सीईटीपी की 10 एमएलडी क्षमता की दूसरी इकाई की टेस्टिंग
- टेनरियों का अशोधित उत्प्रवाह लेने के लिए जल निगम को दी अनुमति
- 10 एमएलडी क्षमता के पहले प्लांट में 200 टेनरियों का पानी हो रहा ट्रीट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



वाजिदपुर स्थित ट्रीटमेंट प्लांट। अमृत विचार

### अगले साल से माघ मेले में टेनरियां नहीं होंगी बंद!

कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) को 454 करोड़ रुपये से बनाया गया है। इसका शिलान्यास पीएम नरेंद्र मोदी ने मार्च 2019 में किया था। शहर में जिलाधिकारी विशाख जी की देखरेख में प्लांट को तैयार किया गया है। प्लांट शुरू होने से टेनरी संचालकों में उम्मीद जगी है कि अगले वर्ष से माघ मेले में टेनरियों को बंद नहीं करना पड़ेगा।

**454** करोड़ रुपये लागत सीईटीपी की | **350** टेनरियों का उत्प्रवाह होगा शोधित | **200** करोड़ लागत से आरओ प्लांट

### अप्रैल तक संयत्र पूरी क्षमता से चलने लगेगा

सीईटीपी में अप्रैल माह से पूरी क्षमता यानि 20 एमएलडी शोधन करने की तैयारी है। कार्यदायी संस्था वाबाग, चेन्नई इस प्लांट को संचालित करेगा। कंपनी के साथ पांच साल तक प्लांट को चलाने का करार हुआ है। प्लांट के अधिकारियों के अनुसार प्लांट में अशोधित उत्प्रवाह को ट्रीट करने के बाद निकले पानी के कुछ भाग को पुनः साफ करके फूलों की खेती के लिए भी दिए जाने की योजना है। हालांकि एनएसआई ने इस प्रोजेक्ट पर काम करने से मना किया है।

**अमृत विचार।** जाजमऊ टेनरी क्लस्टर के लिए बनाया गया 20 एमएलडी क्षमता का कॉमन इंफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) जल्दी ही पूरी क्षमता से चलेगा। पिछले माह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकार्पण के बाद सीईटीपी में 10 एमएलडी क्षमता का प्लांट पहले से ही शोधन प्रक्रिया को अंजाम दे रहा है। इस प्लांट में 200 टेनरियों से निकलने वाला करीब आठ एमएलडी गंदा पानी ट्रीट किया जा रहा है। अब शेष 10 एमएलडी प्लांट की भी टेस्टिंग शुरू हो गई है। जल निगम को टेनरी से इंफ्लूएंट (अशोधित उत्प्रवाह) लेने की मंजूरी मिल गई है। इससे उम्मीद है कि जल्दी ही 150 और टेनरियों से अशोधित उत्प्रवाह लेकर इस 10 एमएलडी प्लांट से ट्रीट किया जाना शुरू कर दिया जाएगा। माना जा रहा है कि इससे गंगा में टेनरियों का अशोधित उत्प्रवाह जाने की समस्या खत्म हो जाएगी।

पीएम नरेंद्र मोदी ने अयोध्या से जाजमऊ सीईटीपी समेत दो अन्य एसटीपी का लोकार्पण किया था। केंद्र सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत स्थापित इस सीईटीपी का कार्यान्वयन, रखरखाव और संचालन जाजमऊ टेनरी एफ्लुयेंट ट्रीटमेंट एसोशिएसन (जटेटा) को करना है। इस सीईटीपी में 200 केएलडी की पायलट जेडएलडी यूनिट (जीरो लिक्विड डिस्चार्ज) का भी निर्माण किया गया है, जिसमें बिना कोई लिक्विड डिस्चार्ज से पानी ट्रीट किया जाएगा। 900 केएलडी का सीसीआरयू (कॉमन क्रोम रिकवर यूनिट) भी बनाया गया है। इससे टेनरियों से निकलने वाले क्रोम को अलग किया जा सकेगा।

# संगीत-नृत्य के बीच माहौल राममय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




भजन सुनाकर मोह लिया मन। अमृत विचार

- कानपुर इनकम टैक्स बार एसोसिएशन का आयोजन

**अमृत विचार।** कानपुर इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की ओर से रविवार को भक्तिमय संगीत संध्या का आयोजन किया गया। मर्चेंट चेंबर सभागार में हुए आयोजन में संगीतमय हनुमान चालीसा और बंसल बंधुओं की ओर से गाए गए भजनों से माहौल राममय हो गया। समारोह के दौरान अयोध्या से पधारे संत मिथिलेश शरण नंदिनी जी ने भक्तों को प्रभु राम से जुड़े प्रसंगों से अवगत कराया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि संघ के प्रांत संघचालक भवानी भीख ने की। संत मिथिलेश शरण नंदिनी ने प्रभु राम के प्रसंग सुनाकर भक्तों को निहाल किया। उन्होंने कहा कि लोग विवादित ढांचा के गिरने की चर्चा तो करते हैं। उन्हें इस बात की भी चर्चा करनी चाहिए कि किस प्रकार से भगवान राम के जन्म स्थान वैभवशाली मंदिर को विदेशी आक्रमणकारी ने तोड़कर उस पर मस्जिद का निर्माण कराया। समारोह के दौरान जय श्रीराम के जयघोष के बीच सभी भक्तों का टीका भी किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली से आए ग्रुप ने कई संगीतमय प्रस्तुतियों के जरिए सभी का दिल जीता। कार्यक्रम के दौरान शरद शेखर श्रीवास्तव, नरपत जैन, राहुल चंद्रा, पद्मेश बाजपेई, देवेंद्र डंग, शैलेंद्र सचान, दीप कुमार मिश्र, आशीष जौहरी, दीपक कपूर, संतोष गुप्त सहित अन्य मौजूद रहे।

## ठगी का आरोपी दबोचा गया

**कानपुर।** कल्याणपुर साहब नगर निवासी मोहित बाजपेई ने बताया कि मिर्जापुर निवासी विजयकांत राजपूत से 2016 में जान पहचान हुई थी। आरोपी ने उसे सचिवालय में समूह ग की नौकरी लगवाने की बात कही। झांसे में आकर मोहित ने विजयकांत को आठ लाख रुपये दे दिए। इसके साथ ही विजय कांत ने कल्याणपुर निवासी राजेश और सिद्धांत से भी आठ-आठ लाख रुपए नौकरी लगवाने के नाम पर ले लिए। दबाव बनाने पर विजयकांत ने राजेश को फर्जी नियुक्ति पत्र तक सौंप दिया था। पीड़ितों ने रुपये वापसी की दबाव बनाया तो विजयकांत ने चेक दी, जो कि बाउंस हो गई। इसके बाद पीड़ितों ने कल्याणपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

## ठंड-कोहरे से राहत बूंदाबांदी के आसार

**कानपुर।** रविवार को दस दिनों बाद शहर को ठिठुरन से राहत मिली। अधिकतम तापमान 21 डिग्री दर्ज किया गया तो न्यूनतम तापमान सात डिग्री तक पहुंच गया। सुबह कोहरा छाया रहा। दोपहर बाद आसमान पर बादलों ने डेरा जमा लिया। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में बूंदाबांदी या हल्की वर्षा होने की संभावना जताई है।

# बोर्ड प्रैक्टिकल में कैमरों से निगरानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कंट्रोल रूम से जुड़ने को लेकर स्कूल परेशान, बनाई गई टीम

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षा की निगरानी इस बार सीसीटीवी कैमरों से होगी। इसके लिए शिक्षा विभाग की ओर से कंट्रोल रूम बनाया गया है। नई सुविधा को लेकर स्कूल परेशान हैं, वे यह नहीं समझ पा रहे हैं कि कंट्रोल रूम से किस तरह से जुड़ा जाए। इस समस्या के लिए अब शिक्षा विभाग की ओर से विशेषज्ञों की टीम बनाई गई है, जो स्कूलों की सहायता करेगी।

यूपी बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाएं जिले में दो फरवरी से शुरू होंगी। इसके लिए शिक्षा विभाग की ओर से तैयारी शुरू हो गई है। प्रयोगात्मक परीक्षा में किसी तरह की अव्यवस्था व नकल न हो सके इसके लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम को स्कूलों के सीसीटीवी से जोड़ा जाना है। इस व्यवस्था में स्कूल के डीबीआर और सीसीटीवी कंट्रोल रूम से कनेक्ट होने में समस्या आ रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया स्कूलों को कंट्रोल रूम से जोड़ने के लिए टीम का गठन किया गया है। यह टीम समस्या समाधान करेगी।




तंजीम चिश्तिया हैदरी सद्भावना संदेश समिति ने निकाला जुलूस। अमृत विचार

## जुलूस-ए- हैदरी का हुआ इस्तकबाल

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश तंजीम चिश्तिया हैदरी सद्भावना मानवता संदेश समिति की ओर से रविवार को जुलूस- ए- हैदरी निकाला गया। यह जुलूस जूही लाल कॉलोनी, पीली कॉलोनी, सफेद कॉलोनी, साकेत नगर सहित अन्य इलाकों से होता हुआ उस्मानपुर ईदगाह पहुंचा। रास्ते में जुलूस का कई जगह पर स्वागत किया गया। मौला अली शेरे खुदा की याद में निकले जुलूस में शहर काजी कानपुर मुफ़्ती साकिब अदीब, इमाम हाफ़िज शब्बीर हुसैन बरकाती, अब्दुल रज्जाक, हफीज अहमद, इमरान खान छंगा पठान, इज़हार बरकाती, हाफ़िज आशिफ अजहरी, हाफ़िज कफील, जाकिर खान,दिलशाद चिश्ती, शमशाद अहमद,इम्तियाज़ अहमद आदि मौजूद रहे।

# हिंदुओं में इतना धैर्य पूर्ण साहस था कि 500 वर्ष तक मंदिर के लिए जूझे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




श्रीमद्भागवत गीता जयंती आयोजन समिति के समारोह में भाग लेते अतिथि।



रामभक्तों के अभिनंदन समारोह में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

- अयोध्या से लौटे रामभक्तों के अभिनन्दन समारोह में संघर्ष को याद किया

**अमृत विचार।** श्रीमद्भगवदगीता जयन्ती आयोजन समिति कानपुर प्रांत ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से लौटे रामभक्तों का रविवार को अभिनन्दन किया। समारोह में क्षेत्र संघचालक वीरेन्द्रजीत सिंह जी ने कहा कि हिंदुओं में इतना धैर्य पूर्ण साहस और विश्वास था कि वे अपनी भावसत्ता के सर्वोच्च प्रतीक के लिए 500 वर्षों तक जूझते रहे।

समारोह के मुख्य अतिथि सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय पाठक ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के माध्यम से मां भारती का वास्तविक उद्धव हुआ है, हमारी मूल सनातनी परम्पराओं को सदियों से दबाया गया। अब शान्ति, धर्म और सद्भाव की स्थापना होगी। विशिष्ट अतिथि प्रांत संघचालक भवानी भीख तिवारी ने कहा कि अब भारतवर्ष अपने महान आदर्शों के माध्यम से सम्पूर्ण विश्व को प्रेरणा देने की भूमिका में है। डा.उमेश पालीवाल ने कहा कि अयोध्या में रामलला का अद्भुत दिव्य श्रृंगार देखकर अभिभूत हो गए। सुरेन्द्र गुप्ता ने कहा रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह में लोग अश्रुपूरित नेत्रों से नाचने लगे। प्रो. नचिकेता तिवारी, संजय जाटव एडवोकेट, जूही मांगलिक, गौरव भदौरिया, कपिल पाण्डेय, आशुतोष शर्मा, अरुण पुरी ने भी विचार रखे। अध्यक्षता राजेश कुकरेजा व संचालन राजेन्द्र अवस्थी व तुषमुल मिश्रा ने किया। अमरनाथ, भूपेश अवस्थी, कमल त्रिवेदी, परमानन्द शुक्ला, राजीव पोरवाल, बलराम नरूला, गुलशन धूपर, रोचना बिश्नोई, मुकेश पालीवाल, अखिलेश शुक्ला, अशोक तिवारी, अरूण मिश्र, निखलेश दुबे केके शुक्ला, मनोज प्रजापति मौजूद रहे।

साक्षात्कार

यूपी में एक सीट के लिए भी तरस जाएगा विपक्ष, भाजपा जल्द शुरू करेगी 'गांव चलो-गली चलो' अभियान

# मोदी का काम और राम नाम से टूट जाएंगे सारे रिकार्ड



कानपुर : भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष (कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र) प्रकाश पाल का दावा है कि इस बार लोकसभा चुनाव में यूपी में पूरी की पूरी 80 सीटें जीत कर नया इतिहास बनाएंगे। उनका कहना है कि विपक्ष के पास सिर्फ तुष्टिकरण है, मुद्दे नहीं हैं। मोदी और योगी की केंद्र तथा प्रदेश सरकार ने तमाम कल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग को राहत दी है। खासकर गरीबों, वंचितों, पिछड़ों, दलितों और बेसहारा लोगों का जीवन स्तर सुधार कर उन्हें यथोचित सम्मान दिया है। अयोध्या में भव्य राममंदिर की प्राणप्रतिष्ठा से हर भारतवासी को गर्व की अनुभूति हो रही है। भगवान राम को काल्पनिक बताने वाले खुद काल्पनिक हो जाएंगे। जल्दी ही भाजपा का 'गांव चलो-गली चलो' अभियान शुरू होगा। प्रस्तुत हैं, प्रकाश पाल से शैलेश अवस्थी की खास बातचीत के प्रमुख अंश ...

**● इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा की क्या रणनीति है?**

-हम तो हर दिन जनता के बीच रहते और सेवा करते हैं। कार्यकर्ता जोश से भरे हैं। मोदी और योगी सरकार की जनहित योजनाओं से जनता को राहत मिली है। विकास हर तरफ दिख रहा है। आमजन का जीवन स्तर सुधरा है, बड़ी संख्या में परिवार गरीबी रेखा से ऊपर उठ गए हैं। कानून-व्यवस्था दुरुस्त है। मोदी जी विश्व के लोकप्रिय नेता हैं। हर भारतवासी को इस पर गर्व है। शीघ्र ही गांव और शहर के हर मोहल्ले-गली में एक-एक व्यक्ति से भाजपा सीधे संपर्क करेगी। लाभार्थी पर्व अभियान भी शुरू किया जा रहा है। बड़े पैमाने पर रैलियां शुरू होने वाली हैं।

**● इस बार लोकसभा चुनाव का लक्ष्य क्या है ?**

-यूपी में हम लोकसभा की पूरी 80 सीटें जीतेंगे। देश में आंकड़ा 400 के पार होगा। यह होगा मोदी जी के विजन और जनता से किए वादे पूरे करने की वजह से। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने, अयोध्या में भव्य राममंदिर की प्रतिष्ठा, ज़रूरतमंदो को आवास, हर घर में नल, 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन, नई शिक्षा नीति, किसान सम्मान निधि, मुद्रा लोन के जरिये बड़े पैमाने पर आत्मनिर्भरता, हाई-वे का जाल, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे सहित विकास के न जाने कितने काम हुए हैं। अंतरिक्ष तक में कामयाबी मिली है। जो कहा, किया है। इसी कारण जनता को भाजपा पर भरोसा है, यही काम 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत का नया इतिहास लिखेंगे।

**● विपक्षी नेताओं का आरोप है कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भाजपा और मोदी का कार्यक्रम था, इसलिए नहीं शामिल हुए?**

-विपक्ष तो घोर अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की राजनीति करता है, इसलिए शामिल नहीं हुआ । वे तो राम को काल्पनिक बता रहे थे। यह तो भगवान राम का, आस्था का, प्रभु पूजा का, भारत की अस्मिता का और जन-जन का कार्यक्रम था। हर कोई इस समारोह में शामिल होकरधन्य महसूस कर रहा है। रामभक्तों ने इसे महापर्व बना दिया। अयोध्या में रोज लाखों की भीड़ बता रही है कि राम के प्रति दुनिया में कितनी आस्था है। दरअसल विपक्ष के पास कोई मुद्दा ही नहीं बचा, तो ऐसे बयान आ रहे हैं । यह अवसर था, पांच सदी बाद आए पल का साक्षी बनने का। लेकिन विपक्ष इसमें भी गच्चा खा गया।

# अगले महीने से कानपुर से शुरू हो सकती है मुरादाबाद की उड़ान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

### फिलहाल तीन फ्लाइट में दो की हो रही उड़ान



चकेरी एयरपोर्ट से फिलहाल तीन उड़ान की जगह दो विमान सेवाएं ही संचालित हो रही हैं। इस माह की शुरुआत में शहर से बेंगलूरू की इंडिगो की फ्लाइट को बंद कर दिया गया था। फ्लाइट बंद करते समय यह जानकारी दी गई थी कि यह विमान सेवा अप्रैल महीने से दोबारा शुरू हो जाएगी। इस समय शहर से दिल्ली और मुंबई के लिए ही यात्रियों को विमान सेवा उपलब्ध हो रही है। हालांकि बेंगलूरू की उड़ान बंद से युवाओं में खासी निराशा है, उन्हें लखनऊ दौड़ना पड़ रहा है।

**अमृत विचार।** शहर से फरवरी माह में एक नई विमान सेवा शुरू हो सकती है। निजी चार्टर कंपनी फ्लाई बिग ने मुरादाबाद के लिए विमान सेवा शुरू करने का फैसला किया है। इसके लिए चकेरी स्थित नए टर्मिनल पर सर्वे पूरा हो चुका है। अब फ्लाइट का शेड्यूल और किराया सूची जारी होने का इंतजार किया जा रहा है।

निजी चार्टर कंपनी फ्लाई बिग ने सर्वे में चकेरी एयरपोर्ट से अन्य टू-टायर सिटी के लिए यात्री लोड को देखा है। हाल ही में एयरपोर्ट आई निजी कंपनी की टीम ने एयरपोर्ट पर संसाधनों का भी जायजा लिया। कंपनी की योजना कानपुर के साथ ही लखनऊ के लिए भी मुरादाबाद से विमान सेवा उपलब्ध कराने की है। विमान सेवा के लोकापर्ण की तिथि के लिए शासन में पहल की गई है। मुरादाबाद हवाई अड्डे को पिछले साल के अंत में उड़ान के लिए लाइसेंस मिला था।

यहां से 19 सीटर विमान उड़ाने का परीक्षण पूरा किया जा चुका है। चकेरी एयरपोर्ट से नई फ्लाइट का उड़ान भरना तय होने के बाद सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस संबंध में चकेरी एयरपोर्ट के निदेशक संजय कुमार ने बताया कि मुरादाबाद की उड़ान के लिए सर्वे पूरा हो चुका है। निजी उड़ान कंपनी की ओर से अभी शेड्यूल जारी नहीं किया गया है। शेड्यूल जारी होने के बाद जानकारी हो सकेगी। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में कानपुर से अन्य टू-टायर सिटी के लिए भी हवाई कनेक्टिविटी मिल सकती है।

# हाईवे पर डिवाइडर से टकरा कर बाइक सवार व्यवसायी की मौत

## दुकान का सामान खरीदने कन्नौज से आ रहा था बिल्हौर, रास्ते में हुआ हादसा

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** अरौल थाना क्षेत्र में जीटी रोड हाईवे पर रविवार दोपहर बिल्हौर आ रहे एक दुकानदार की बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कन्नौज निवासी व्यवसाई की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनो को सूचना देने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

कन्नौज के ऋषि नगर मियागंज गांव निवासी लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता किराना व्यवसायी हैं। उनके तीन बेटों में मंझला बेटा हरि नारायण गुप्ता जनरल स्टोर की दुकान चलाता था। रविवार दोपहर वह दुकान के सामान की खरीदारी के लिए बाइक से बिल्हौर आ रहा था। तभी अरौल कस्बे में रेलवे स्टेशन के सामने उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची



हरि नारायण गुप्ता।

पुलिस ने घायल दुकानदार को उपचार के लिए बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

दुकानदार के पास से मिले मोबाइल से उसकी पहचान हुई और घटना की सूचना उनके परिजनों को दी गई। खबर मिलते ही पूरे घर में कोहराम मच गया। परिजनों के मौके पर पहुंचने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# वाहन ने ससुर-दामाद को मारी टक्कर, एक की मौत

संवाददाता, घाटमपुर

- सजेती क्षेत्र के जवाहर नाला के पास रात को हुआ हादसा

**अमृत विचार।** सजेती थाना क्षेत्र के जवाहर नाला के पास बाइक सवार ससुर-दामाद को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने दामाद को मृत घोषित कर दिया। वही ससुर की हालत गंभीर होने पर कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया।

चांदपुर जनपद फतेहपुर निवासी राम कुमार अपने दामाद सजेती के बीबीपुर गांव निवासी अंकित (25) के साथ बाइक से बीबीपुर जा रहा था। शनिवार रात सजेती थाना क्षेत्र के जवाहर नाला के पास एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे अंकित व रामनारायण के गंभीर चोटें आईं। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची सजेती पुलिस ने गंभीर घायल अवस्था में दोनों को सीएचसी घाटमपुर ले गई। जहां डॉक्टर ने अंकित को मृत घोषित कर दिया। वहीं रामनारायण को गंभीर होने पर उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। सजेती थाना अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि अंकित के शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा।

## कार ने मारी जुगाड़ वाहन में टक्कर

**भीतरगांव।** साढ़ थाना क्षेत्र के साढ़-जहानाबाद मार्ग दौलतपुर मोड़ के पास कार का टायर फटने से सामने से आ रहे जुगाड़ वाहन से सीधी टक्कर हो गयी। जिससे जुगाड़ चालक नर्वल निवासी प्रशांत गुप्ता गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसे के वक्त वह अपनी गाड़ी बनवा कर जहानाबाद से अपने घर नर्वल जा रहा था। वहीं कार सवार एक मरीज को लेकर कानपुर से जहानाबाद जा रहे थे। तभी कार का टायर फट गया और वह अनियंत्रित हो गई। हादसे के बाद राहगीरों की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल जुगाड़ रिक्शा चालक प्रशांत गुप्ता को भीतरगांव सीएससी भेजा। जहां उसकी हाल गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया है।

## ऑटो और कार भिड़ी

**सरसौल।** महाराजपुर के धमना के समाने हाईवे पर रविवार शाम एक ऑटो और कार में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें ऑटो चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल भिजवाया। जानकारी के मुताबिक ऑटो चालक सरसौल से विपरीत दिशा में आ रहा था।

# पॉलिटेक्निक छात्र ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

संवाददाता, चौबेपुर

- आत्महत्या किए जाने का कारण परिजन नहीं बता सके

**अमृत विचार।** क्षेत्र के रौतापुर गांव में रविवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में पॉलिटेक्निक छात्र ने गांव से दूर पेड़ के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। छात्र की आत्महत्या करने से परिवार में कोहराम मच गया।



विकास।

रौतापुर के मजरा बंशीपुरवा निवासी रामजी गौतम खेतीबाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। परिवार में पत्नी, एक बेटी व दो बेटे में बड़ा बेटा विकास (25) स्नातक करने के बाद पॉलिटेक्निक से डिप्लोमा कर रहा था। बताया गया है कि पिता के साथ खेती-बाड़ी में हाथ बटाने के साथ वह आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए खाली समय में ड्राइवर का काम भी कर लेता था। रविवार सुबह वह परिजनो से खेत पर जाने की बात कह कर घर से निकला था, लेकिन काफी समय तक घर नहीं लौटा। करीब 11 बजे खेतों पर गए कुछ लोगों ने विकास का शव पेड़ से लटकता देख जानकारी उसके घर वालों को दी। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जिसके बाद घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतार जांच पड़ताल की।

फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंच साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस पूछताछ में परिजन युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का कारण नहीं बता सके। पिता रामजी के मुताबिक बेटा विकास पढ़ाई में अच्छा था, समझ में नहीं आ रहा है कि उसने आत्महत्या क्यों की। चौबेपुर प्रभारी निरीक्षक संजय पांडे ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट हो सकेगी।

## पतारा में गेट का ताला तोड़ कर 40 भेड़ चोरी पुलिस कर रही जांच

**घाटमपुर।** पतारा धरमपुर बंबा के पास घर का ताला तोड़कर लाखों की कीमत की भेड़ अज्ञात चोर वाहन में लाद कर ले गए। सुबह जब चोरी की जानकारी हुई तो भेड़ मालिक ने सूचना पतारा चौकी पुलिस को दी है। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के पतारा नागेलिनपुर गांव निवासी जालिम पाल ने घाटमपुर थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह प्रतिदिन की तरह खाना खाने के बाद घर पर सोए हुए थे। घर में 40 भेड़ बंधी हुई थी। देर रात अज्ञात चोरों ने मेन गेट का ताला तोड़कर 40 भेड़ चोरी कर ले गए। घर के बाहर टायर के निशान मिले है।

जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोर किसी वाहन से भेड़ों को लादकर ले गए है। सुबह जब वह भेड़ों को चारा डालने पहुंचे तो वहां एक भी भेड़ न देख कर उनके होश उड़ गए। यहां पर मेन गेट का ताला बाहर टूटा पड़ा था। इस संबंध में घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

# रनिया टीम ने हरदोई को 101 रन से हराया

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर ग्राम पुरंदर गांव में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मैच हरदोई बनाम रनियां के बीच खेला गया। जिसमें रनिया टीम ने हरदोई को 101 रन से हराया।

मूसानगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पुरंदर में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल अंतिम मैच में रनिया ने हरदोई को 101 रन से पराजित कर दिया। रनियां की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 185 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में हरदोई के खिलाड़ी 84 रन पर ऑलआउट हो गई। रनिया टीम के खिलाड़ी



प्रधान ने नितिन को दिया पुरस्कार।

नितिन को मैन ऑफ द मैच दिया गया। नितिन ने बल्लेबाजी करते हुए 85 रन बनाए वहीं चार विकेट भी झटके। इस मौके पर मुख्य अतिथि बम्हरौली ग्राम प्रधान वेद प्रकाश पांडे ने नितिन को मैन ऑफ द मैच देकर प्रोत्साहित किया।

## पूरे परिवार को घर में घुसकर पीटा

**सरसौल।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के तिलसहरी बुजुर्ग गांव निवासी रामबाबू गौतम ने आरोप लगाया कि शनिवार शाम को पड़ोस में रहने वाले प्रदीप, डुंबई, चौधरी आदि लाठी-डंडा लेकर अचानक घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। जिसका विरोध करने पर उपरोक्त सभी ने उसे लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया इस दौरान बचाव के लिए आई उसकी बेटी पुष्पा और पत्नी को भी पीट दिया जिसमे उन लोगो के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं हैं। रामबाबू ने मामले की शिकायत महाराजपुर थाने में की है। एसओ महाराजपुर अभिषेक शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# ग्रामीण खेल महोत्सव में दिखी खिलाड़ियों की प्रतिभा

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** ग्राम सेवा दल कानपुर नगर द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षेत्र के तातियागंज गांव में ग्रामीण खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख चौबेपुर राजेश शुक्ला ने कहा कि गांवों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, केवल उन्हें निखारने की आवश्यकता है। जिसके लिए समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन आवश्यक है। उन्होंने क्षेत्र में स्टेडियम बनवाये जाने की बात भी कही। साथ ही विभिन्न खेलों में अव्वल रहे बच्चों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया।

गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर ग्राम सेवा दल द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि





विजेता खिलाड़ियों को मिले मेडल। अमृत विचार



रेस में पूरी दम के साथ दौड़े खिलाड़ी। अमृत विचार

- ग्राम सेवा दल द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में अव्वल रहे खिलाड़ी सम्मानित

ब्लॉक प्रमुख राजेश शुक्ला ने फीता काटकर किया। तत्पश्चात शुरू हुई कबड्डी, लंबी कूद, ऊंची कूद, खो-खो, रस्सी कूद, म्यूजिकल चेयर व रस्साकशी आदि खेलों की प्रतियोगिताओं में विभिन्न गांवों से आए बच्चों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस दौरान अव्वल रहे खिलाड़ियों को ब्लॉक प्रमुख ने मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद बौद्ध गुरु भगवंत ने कहा कि खेल महोत्सव का आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए सुनहरा अवसर है, जिसका उन्हें लाभ उठाना चाहिए। कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से उनकी छिपी हुई प्रतिभा को सामने आने का मौका मिलता है। विभिन्न खेलों में प्रतिभाग करके वह अपनी प्रतिभा को अच्छी तरह से निखार सकते हैं। कार्यक्रम आयोजक केएम भाई ने आए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त कर खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भाजपा मंडल अध्यक्ष, जितेंद्र राजपूत, अंकित शर्मा, राजाराम पाल, विजय पाठक व सोनू कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# सरगवा उप स्वास्थ्य केंद्र में भरा भूसा

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** पतारा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत सरगवा में बने उप स्वास्थ्य केंद्र में वहां के कुछ ग्रामीणों ने भूसा भर दिया है। वहां के उप केंद्र में आशा बहू तक भी नहीं बैठती है। जिससे वह खंडहर बन गया है। इस पर ग्राम प्रधान दिनेश तिवारी ने सीएमओ कानपुर नगर से शिकायत की है।

पत्र विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत सरगवा में बने उप स्वास्थ्य केंद्र अधिकारियों की उदासीनता से खंडहर बन गया है। इस स्वास्थ्य केंद्र में पांच कमरे बने हुए हैं। जिसमें एक हाल में गांव के ही कुछ ग्रामीणों ने उसमें भूसा भर कर ताला बंद कर दिया है। वहीं एक कक्ष में गांव के कुत्तों का कब्जा है। एक






खंडहर बना स्वास्थ्य केन्द्र, वहां पड़ी चारपाई पर रखा साग। अमृत विचार

- ग्राम प्रधान दिनेश तिवारी ने सीएमओ से की शिकायत जांच के आदेश

कमरे पर लोगों ने कंडे जमा कर रखे हैं। यहां पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के नाम पर आशा बहू तक ही नहीं है। जिसको लेकर गांव के ग्राम प्रधान दिनेश तिवारी ने आपत्ति जताते हुए सीएमओ कानपुर नगर से शिकायत की है। ग्राम प्रधान बताया कि गांव के कुछ लोगों ने उप स्वास्थ्य केंद्र में बने कमरों पर भूसा कंडा आदि रख कर अतिक्रमण कर लिया है। वहीं उप स्वास्थ्य केंद्र के कैंपस में गांव के ही लोग जानवर बांधते हैं। इस संबंध में सीएमओ कानपुर नगर ने बताया कि ग्राम प्रधान दिनेश तिवारी को इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराना चाहिए।

## अच्छा प्रदर्शन करने वाली छात्रा सम्मानित

घाटमपुर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा कुमारी पूनम को मतदाता जागरूकता दिवस के अवसर पर स्वीप प्रोग्राम के अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सीएसजेएमयू में एडीएम द्वारा सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी विद्यालय की उप प्रधानाचार्य लक्ष्मी दमेरिया ने बताया कि छात्रा पूनम मेहंदी प्रतियोगिता में एडीएम के द्वारा प्रोत्साहन किया गया है। इसके पूर्व में भी राजकीय इंटर कॉलेज घाटमपुर की बालिकाएं भी सम्मानित की जा चुकी हैं।



छात्रा पूनम को मिला प्रमाणपत्र।

## रेवना में बुजुर्ग दलित को पीटा, पुलिस ने नहीं सुनी

**घाटमपुर।** रेवना थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दहेली में बुजुर्ग दनकी (65) बकरी चराने खेतों पर गया था। इस दौरान उसकी बकरियां एक गांव के ही मुला सचान के खेत में चली गई। जिसको लेकर मुला सचान ने उसको पीट दिया। फरियाद लेकर वह थाना प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव के पास पहुंचा। जहां पर उसे वापस कर दिया गया।

## एसीपी बिल्हौर ने किया कोतवाली का निरीक्षण

**बिल्हौर।** रविवार को सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर अजय कुमार त्रिवेदी द्वारा थाना बिल्हौर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। थाने के अभिलेखों, मालखाना, भोजनालय, महिला हेल्प डेस्क, थाना-कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष व बैरिक की साफ-सफाई आदि का निरीक्षण किया गया।

## दोबारा मंडल अध्यक्ष बने रमेश कुशवाहा



**सरसौल।** भाजपा सरसौल मण्डल अध्यक्ष रमेश कुशवाहा को पुन: अध्यक्ष बनाए जाने पर सरसौल बाजार स्थित साहू मार्केट में भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उनका भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि मण्डल अध्यक्ष रहते रमेश कुशवाहा ने जनहित में कई कार्य किए। जिसकी वजह से पार्टी ने दोबारा उन पर भरोसा जताया। इस मौके उन्होंने कहा कि वो पूरी निष्ठा और बिना भेदभाव के सबके साथ मिलकर हरसंभव मदद करेंगे। फूल सिंह साहू मंडल उपाध्यक्ष सरसौल, विनय प्रताप सिंह, धीरेंद्र शुक्ला, सुरेंद्र मिश्रा, गुड्डू शुक्ला, नारायण अग्निहोत्री, अभिषेक अवस्थी, देवेश बाजपेई, पुष्पेंद्र चंदेल, राजेंद्र कुशवाहा, मनोज शिवहरे, दीपक पासवान, रोहित पासवान, बउवा ठाकुर, गोपाल गुप्ता, संजय सिंह, आलोक पाल आदि रहे।

विकास | लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे के किनारे अरौल क्षेत्र में 100 एकड़ में बनेगा औद्योगिक कॉरिडोर

# किसानों ने मुआवजा बढ़ाने की मांग उठाई

अभय प्रताप सिंह, बिल्हौर

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में यूपीडा के माध्यम से प्रदेश भर के तमाम एक्सप्रेस-वे के किनारे औद्योगिक गलियारा बनाने जा रही है। कानपुर नगर के बिल्हौर तहसील के अरौल कस्बे से गुजरे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के किनारे के किसानों की भूमि जल्द ही एक्सप्रेस वे औद्योगिक कॉरीडोर में भूमि अधिग्रहण शुरू कर दिया जाएगा स्थानीय किसानों ने की मांग है कि बीते कई वर्षों से सर्किल रेट नहीं बढ़ाया गया है और उनकी जमीन तो ली जा रही है लेकिन उसका जायज मुआवजा नहीं मिल रहा है। जिसके लिए अरौल गांव के दर्जनों किसानों ने उप जिला अधिकारी समेत जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन कई बार दिया है। साथ ही स्थानीय विधायक, सांसद को भी मामले में अवगत कराया है। अरौल के किसान देबू सिंह चंदेल, ओम प्रकाश सिंह, नन्हे सिंह, राम आसरे, हरी शंकर, सुरेन्द्र सिंह, नाहर सिंह, सूबेदार आदि ने बताया कि बीते लगभग छह वर्ष से सर्किल रेट नहीं बढ़ाया गया है। ऐसे में उनकी एकमात्र जीविका कृषि भूमि अगर एक्सप्रेस-वे में ले ली गई तो उनको मुआवजा भी बढ़कर मिलना चाहिए जिससे उनको परिवार के भरण पोषण के लिए अन्य विकल्प तलाशे जा सके।

यूपीडा की ओर से औद्योगिक गलियारा विकसित करने के बाद उद्यमियों को उद्योग लगाने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।



इसी हाईवे के किनारे बनना है औद्योगिक कॉरीडोर। अमृत विचार

### क्या है सरकार की योजना

टेक्सटाइल पार्क का दायरा लखनऊ तक है। आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे और गंगा एक्सप्रेस-वे दोनों की निकटता का लाभ इस पार्क में आने वाले उद्यमियों को होगा। एक्सप्रेस-वे के किनारे शाहजहांपुर में वेयर हाउस विकसित किये जाएंगे। यहां से उपज आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, चिकित्सा संस्थान भी खोलने की तैयारी है। राज्य सरकार जल्द संबंधित स्थलों के आसपास औद्योगिक गलियारे के लिये ज़मीन विकसित करेगी। बिल्हौर के अरौल गांव मे लगभग 95 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। जिसमें आलू उत्पादन से जुड़ी इकाईयां लगाई जाएंगी।

### अरौल के लिए मील का पत्थर साबित होगा कॉरिडोर

अरौल कस्बे के लिए कॉरिडोर मील का पत्थर साबित हो सकता है कानपुर नगर के जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर दूर अरौल कस्बे में लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे के एग्जिट एंट्री पॉइंट पर लगने वाले औद्योगिक गलियारे से क्षेत्र के हजारों लोग रोजगार पाएंगे और अपनी जीविका को मजबूत करेंगे ऐसे में आने वाले समय में अरौल कस्बा हाईवे का हब बन जाएगा लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे के साथ कानपुर अलीगढ़ हाईवे व पनकी विषधन हाईवे का भी रुख अगर सकारात्मक रहा तो अरौल वाकई में हाईवे का कस्बा बन जाएगा।

'किसानों के साथ हमने और तहसीलदार ने स्वंय बैठक की है और उनकी मांगो को सुना है। कानपुर जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों के संज्ञान मे पूरा मामला है और किसानों से जुड़े मसले को गंभीरता से लिया जा रहा है।'

–रश्मि लांबा (उपजिलाधिकारी बिल्हौर)


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो0 नि0 वि0, इटावा

पत्र संख्या /11ए/2023–24 दिनांक

अल्पकालीन निविदा सूचना

1 महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो0 नि0 वि0, इटावा लोक निर्माण विभाग उ0 प्र0 में यथा लागू ए0 बी0 सी0 एण्ड डी0 श्रेणी में केवल मार्ग के कार्य हेतु पंजीकृत पात्र एवं अनुमोदित ठेकेदारों से प्रतिशत दर के आधार पर बिड आमंत्रित करते है।

| क्र0 स0 | जनपद | कार्य का नाम | आगणित घनराशि (लाख रू0 में) | धरोहर घनराशि (लाख रू0 में) | बिड डाक्यूमेंन्ट का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य कराने वाले अधिशासी अभि0 का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | जिलाधिकारी का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | इटावा | विशेष मरम्मत योजना के अन्तर्गत जमुनाबाग धनुआ गींजा सैफई मार्ग से गोवेपुरा भुजपुरा सम्पर्क मार्ग | 4.45 | 0.45 | (500+300)+ GST =944 | 01 माह | अधि0 अभि0 प्रान्तीय खण्ड लो0 नि0 वि0, इटावा | अधी0 अभि0 इटावा वृत्त लो0 नि0 वि0, इटावा | जिलाधिकारी, इटावा | मु0 अभि0 कानपुर क्षेत्र, लो0 नि0वि0 कानपुर |

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी विभागीय वेबसाइट एवं प्रदेश सरकार की वेबसाइट (http://up.gov.in) पर सम्बन्धित नियम व शर्तें उपलब्ध है। बिड डाक्यूमेंट की निविदा दिनांक 29.01.2024 से 05.02.2024 के समय 04:00 बजे तक बेंची जानी है। निविदा सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता, जिलाधिकारी तथा मुख्य अभियन्ता के कार्यालय में दिनांक 06.02.2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक ही प्रप्त की जायेगी, जो कि दिनांक 06.02.2024 को प्रातः 12:30 बजे कालम–10 में उल्लिखित जिलाधिकारी कार्यालय में उपस्थित रहने के इच्छुक निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

राकेश भूषण प्रसाद
अधिशासी अधिकारी
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,इटावा

# ओएचई लाइन टूटने से चार घंटे तक प्रभावित रहा रेल संचालन

## मगरवारा में गिट्टी लदा डंपर पटरी पर गिरने से टूटी डाउन ट्रैक की ओएचई लाइन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** कानपुर-लखनऊ रेल रूट के मगरवारा रेलवे स्टेशन के पास ब्लास्टर साइड गिट्टी का डिपो में गिट्टी उतारने के दौरान डंपर अनियंत्रित होकर ट्रैक पर पलट गया। जिस कारण डाउन ट्रैक की ओएचई लाइन टूट गई। जिसकी जानकारी लखनऊ के अधिकारियों को दी गई। सूचना पर एसएसई टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने मरम्मत कार्य कराया। इस दौरान पर डाउन ट्रैक का रेल संचालन ठप हो गया। करीब चार घंटा बाद रेल संचालन सामान्य हो सका।

रात करीब 11:40 बजे मगरवारा स्टेशन के पास बने ब्लास्टर साइड गिट्टी का डिपो में गिट्टी उतारने के दौरान डंपर अनियंत्रित हो गया और ट्रैक पर जा गिरा। जिससे ओएचई लाइन टूट गई। वही मगरवारा रेलवे स्टेशन की मेन और लूप लाइन की ओएचई में खिंचाव आने के कारण डाउन लाइन का रेल संचालन ठप हो गया। इसकी जानकारी लखनऊ के अधिकारियों को दी गई। जिस पर लखनऊ तक मामले की जानकारी पर हड़कंप मच गया और रात को ही इलेक्ट्रिक विभाग की टीम मरम्मत करने पहुंची। इसके साथ ही आरपीएफ और जीआरपी भी मौके पर पहुंचे। सूचना पर एसएसई वैभव श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे।

जहां टॉवर वैगन से ओएचई लाइन की मरम्मत की गई। ओएचई टूटने से सांबरमति एक्सप्रेस, कुशीनगर, बिहार सम्पर्क क्रांति, मरूधर, आम्रपाली समेत कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। इस दौरान रात करीब 2:30 मिनट पर ओएचई लाइन ठीक की जा सकी। वहीं आरपीएफ दरोगा जेसी शर्मा ने अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। वहीं डिपो की लाइन रविवार को चालू नहीं हो सकी। सोमवार को मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद डिपो की लाइन चालू कर दी जायेगी।



- आरपीएफ ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

### डेढ़ घंटे का ब्लॉक लेकर बदली गई पटरी

**शुक्लागंज उन्नाव।** लखनऊ-कानपुर रेलरूट स्थित अपलाइन में कई स्थानों पर जर्जर पटरियां होने से रविवार को पीडब्ल्यूआई ने डेढ़ घंटे का ब्लॉक लिया। इस दौरान गैंगमैनों ने जर्जर पटरी बदलने का काम किया। कानपुर-लखनऊ व लखनऊ-कानपुर रेलरूट पर हाई स्पीड की ट्रेनें चलाई जा रही हैं। जिसे देखते हुये रेल पथ विभाग ने रेल रूट का निरीक्षण किया था। इस दौरान अपलाइन में कई स्थानों पर जर्जर पटरियां मिली थीं। जहां विभाग ने लाल निशान लगाये थे। रविवार सुबह 10:45 से 12:15 बजे तक पीडब्ल्यूआई ने डेढ़ घंटे का ब्लॉक लिया। ब्लॉक अवधि के दौरान गैंगमैनों ने अपलाइन की जर्जर पटरियां बदलने का काम किया। ब्लॉक के दौरान रेल संचालन सामान्य रहा। जिससे कोई भी ट्रेन प्रभावित नहीं रही।

# पूरी भव्यता से निकाली जाएगी शिव शोभायात्रा

**उन्नाव।** सिद्धनाथ मंदिर परिसर में विशाल शिव शोभायात्रा समिति की बैठक रविवार को हुई। इसमें वक्ताओं ने पूर्व वर्षों से अधिक भव्य यात्रा निकालने पर जोर देते हुए कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद आगामी 8 मार्च को निकलने जा रही शिव शोभायात्रा अधिक श्रेष्ठता से निकलनी चाहिए।

बैठक में चंद्र प्रकाश गुप्ता ने कहा कि आदि देव महादेव को अतिप्रिय रात्रि ही शिवरात्रि है। इसलिए सभी को अपने आराध्य का स्मरण करते हुए शोभायात्रा का हिस्सा बनना चाहिए। समिति संरक्षक करुणाशंकर तिवारी ने कहा कि 40 वर्ष पहले सिद्धनाथ महादेव मंदिर की प्रेरणा से शिव शोभायात्रा की शुरुआत हुई थी। वर्तमान में यह विराट वट वृक्ष रूप में है, जिसमें शामिल होकर आराध्य की कृपादृष्टि प्राप्त की जा सकती है। धीरेंद्र प्रताप सिंह, कमलेश शुक्ला, श्रीकांत शुक्ला, सुरेश द्विवेदी, सुरेश मिश्रा, राजीव निगम, सुख श्याम वर्मा, अरूण चौहान, विनोद शर्मा रहे।

# बरवलिया की टीम ने बैसवारा को हराया

संवाददाता पाटन उन्नाव

**अमृत विचार।** रोशन शाह बाबा खेल मैदान सवाईन में आठ दिवसीय अंतर्जनपदीय आरएससी क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को किया गया। शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह के प्रतिनिधि शशांक शेखर सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच में बरवलिया की टीम ने बैसवारा को 38 रनों से हराया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल से आपसी भाईचारा स्थापित होता है। जिसमें ऊंच-नीच का कोई भेदभाव नहीं होता। खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया। उन्होंने स्टेडियम में अपनी निधि से लगवाई गई सोलर लाइट का उद्घाटन भी किया। मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का ग्राम प्रधान फज्जू खान व उनकी टीम द्वारा सम्मान किया गया। उद्घाटन मैच बरवलिया व बैसवारा क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। बैसवारा क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का निर्णय लिया। बैटिंग करने उतरी बरवलिया की टीम ने 10 ओवर में 9 ओवर एक गेंद में 59 रन बनाए। प्रतिद्वंदी टीम 5 ओवर 4 गेंद में मात्र 21 रन पर सिमट गई। इससे 38 रनों से बरवलिया टीम ने जीत दर्ज की। प्रधान फज्जू खान ने बताया कि प्रतियोगिता में 16 टीमें प्रतिभा कर रही हैं। जिनमें गोरखपुर, लखनऊ, उन्नाव, प्रतापगढ़, बांदा, फतेहपुर, गौरैया, बरवलिया, सफीपुर, पुरवा व बैसवारा की टीमें शामिल हैं। इस मौके पर आशू बाजपेई, माजिद प्रधान, यासीन, इम्तियाज हुसैन, सुल्तान खान, मतीन कुरैशी, अवधेश गुप्ता, सुनील मोदी व मनीष कुमार मौजूद रहे।



फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व अन्य।

- आठ दिवसीय अंतर्जनपदीय आरएससी क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया

### स्टेडियम की नव निर्मित दीवार ढही, बाल-बाल बचे दर्शक

**पाटन।** ग्राम प्रधान द्वारा बनवाए गए स्टेडियम की दीवार दर्शकों के बैठते ही एकाएक ढह गई। देखते ही देखते दर्शक दीवाल के साथ नीचे आ गए। हालांकि इसमें सभी सुरक्षित बच गए। स्टेडियम निर्माण में मानकों की धज्जियां उड़ाए जाने की चर्चा पूरे क्षेत्र में जोरों पर रही।

# फिर साथ रहने को राजी हुए 16 जोड़े

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर रिजर्व पुलिस लाइन व विभिन्न थाना-कोतवाली की महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्श केंद्र, परिवार परामर्शदाताओं व महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसिलिंग कर उनके विवाद समाप्त कराकर 16 परिवार टूटने से बचाए।

इसके बाद परिवार परामर्श केंद्र से 6, महिला थाना से 6, अजगैन, दही, औरास व बांगरमऊ से 1-1 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया।

इस कार्य में डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति व सलाहकारों में राजेंद्र सिंह सेंगर, डा. एसके पाण्डेय, डा. शशि रंजना अग्निहोत्री, तबस्सुम नफीज, साबिहा उमर, अबसार अली खान, सहयोगी शिवेंद्र सिंह व परिवार परामर्श केंद्र से प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केंद्र संतोष कुमारी, महिला दरोगा मधु श्रीवास्तव, एसओ महिला थाना अर्चना, महिला सिपाही मिथलेश वर्मा, अंजुला त्रिपाठी, अंशू रानी, साधना यादव, ज्योति, शिखा सेंगर, पूजा शर्मा, लक्ष्मी, चिंतन का विशेष योगदान रहा।



पुलिस लाइंस में जोड़े की काउंसिलिंग करते परामर्शदाता। अमृत विचार

- परिवार परामर्श केंद्र व महिला हेल्प डेस्क के प्रयासों से 16 जोड़े साथ रहने को हुए राजी

# अवैध खननकर्ता पर लगाया गया 75 हजार का जुर्माना

**औरास।** क्षेत्र के जमालनगर गांव में शनिवार रात वन विभाग की भूमि पर गांव के नन्हके पाल तीन ट्रैक्टर-ट्राली से अवैध खनन कर मिट्टी डाल रहे थे। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने वन क्षेत्राधिकारी हसनगंज राजवीर सिंह से कर दी। इस पर वन क्षेत्राधिकारी ने औरास वन विभाग चौकी पर तैनात क्षेत्रीय वन रक्षक शिवम कुमार को मौके पर भेजा। मामला सही मिलने पर वन क्षेत्राधिकारी जमाल नगर पहुंचे। उन्होंने मिट्टी खनन करा रहे नन्हके पर 75 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कहीं भी अगर अवैध रूप से खनन होता पाया गया तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो शातिर पकड़े

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** एसपी के निर्देश पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी पुलिस ने दो युवकों को रोक लिया। जहां पुलिस ने उनके पास से चोरी की बाइक बरामद की। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्यवाही कर पुलिस ने कोर्ट भेजा है।

कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि बैराज चौकी इंचार्ज राजीव कुमार हमराहियों के साथ बैराज तिराहे के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे, तभी पुलिस को देख बाइक सवार दो युवक भागने लगे। जिस पर पुलिस ने दोनों को दौड़ाकर पकड़ लिया और बाइक के कागज मांगे। कागजन न दिखा पाने पर कड़ाई से पूछताछ की। जिस पर उन्होंने बाइक चोरी की बताई। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम नत्थापुरवा थाना ग्वालटोली कानपुर निवासी दीपक व दूसरे ने ग्राम टिकरी थाना अचलगंज उन्नाव निवासी श्रवण कुमार बताया।



चोरी के बाइक के साथ आरोपी।

## सार-संक्षेप



टूर्नामेंट का उद्घाटन करते भाजपा नेता अभयेंद्र सिंह। अमृत विचार

### भाजपा नेता ने किया ढकिया प्रीमियम लीग का शुभारंभ

**सोहरामऊ उन्नाव।** बीते वर्षों की तरह इस वर्ष भी ढकिया प्रीमियम लीग का शुभारंभ धूमधाम से हुआ। जिसका फीता समाजसेवी व युवा भाजपा नेता अभयेंद्र सिंह ने काटा। दो टीमों के बीच हुये मैच में एक टीम ने 3 विकेट खोकर 8 ओवर में लक्ष्य को पाकर मैच जीत लिया। बता दें कि सोहरामऊ क्षेत्र के गांव ढकिया में बीते कई वर्षों से हो रहे प्रीमियम लीग का शुभारंभ आयोजक संकठा सिंह द्वारा किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता अभयेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। पहले दिन मैच आशाखेड़ा व बंथरा के बीच हुआ। जिसमें आशाखेड़ा ने टॉस जीतकर 10 ओवर में 50 रन बनाकर बंथरा टीम को 51 रनों का लक्ष्य दिया। जिसे बंथरा टीम ने 3 विकेट खोकर जीत लिया। इस दौरान टूर्नामेंट आयोजक संकठा सिंह, दिनेश सिंह, मोनू सिंह, शानू सिंह, गुरुप्रसाद आदि ग्रामीण व दर्शक मौजूद रहे।



मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में डाक्टरों ने देखे 78 मरीज

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। जहां नगर व आसपास से मरीज पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण कर दवाइयां दी। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुक्लागंज में हुए मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक व आयुर्वेदिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और दवाएं बांटी। इसके अलावा प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रवि सचान व डा. रश्मि वर्मा ने मरीजों को परामर्श देने के साथ दवाइयां दीं। वहीं अन्य डॉक्टरों ने भी मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 78 मरीजों का परीक्षण कर दवाइयां दी गईं। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस दौरान एस जे विश्वकर्मा, अमित कुशवाहा, सिद्धार्थ बाजपेई, अवनीश मिश्रा समेत अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### बाइक सवार लुटेरों ने सेल्समैन से मोबाइल व नकदी लूटी

**पाटन उन्नाव।** बिहार थानाक्षेत्र में शनिवार देर रात रात अंग्रेजी शराब दुकान के सेल्समैन से बाइक सवारों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। उससे 1500 रुपये नकद व मोबाइल लूटकर फरार हो गए। सेल्समैन ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। घटना का शिकार हुए भगवंतनगर अंग्रेजी शराब दुकान के सेल्समैन सतीश जायसवाल ने बताया कि वह रोज की तरह शनिवार को बाइक से लोचीखेड़ा स्थित घर जा रहा था। भगवंतनगर चौकी से कुछ दूर तीन बाइकों पर सवार लुटेरों ने उसकी बाइक में टक्कर मारकर उसे गिरा दिया और मोबाइल व 1500 रुपये निकाल लिए।

# राष्ट्रपति ने रामबरन सिंह को उत्कृष्ट सेवा सम्मान से नवाजा

संवाददाता पाटन उन्नाव

**अमृत विचार।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षेत्र के दिनई खेड़ा चमियानी निवासी रामबरन सिंह को राष्ट्रपति द्वारा उत्कृष्ट सेवा सम्मान से नवाजा गया है। वे वर्तमान में सीआईएसएफ में एसी पद पर डीएमआरसी दिल्ली में तैनात हैं। इस जानकारी पर क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

राष्ट्रपति द्वारा उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किए गए सीआईएसएफ के सहायक कमांडेंट रामबरन सिंह की प्राथमिक शिक्षा सरदार पटेल स्कूल चमियानी से हुई। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक के बाद 1987 में उन्होंने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में उपनिरीक्षक पद पर ज्वाइन किया था। बीते 36 वर्षों में उन्होंने विभिन्न राज्यों में तैनात रहते हुए अपनी सेवाएं दी। वे 5 वर्ष लगातार ओएनजीसी की गांधार इकाई में यूनिट कमांडर के पद पर रहे। उनके सर्विस रिकॉर्ड को देखते हुए उनका नाम उत्कृष्ट सेवा सम्मान के लिए चयनित हुआ था। जो कि उन्हें गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति द्वारा दिया गया। उनके परिवार में पत्नी माया, बेटी पल्लवी, बेटा अभिजीत, बहू रूपल व पोता रिष्विक हैं। सतीश वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख शिव बहादुर पटेल, भाजपा नेता रजनीश वर्मा, अनिल बाबू सोनी, रामलखन सोनी, आरडी पटेल, ऊदल फौजी आदि ने खुशी व्यक्त की है।



रामबरन सिंह, सहायक कमांडेंट सीआईएसएफ।

# नवविवाहिता की मौत में ससुरालियों पर दहेज हत्या की रिपोर्ट

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मुर्तजापुर में बीते शनिवार अज्ञात कारण के चलते नवविवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। ग्राम प्रधान की सूचना पर पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। रविवार को मृतका के पिता ने ससुरालियों के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मुर्तजापुर गांव निवासी विनय की 20 वर्षीय पत्नी रेनू ने बीते शनिवार कमरे में फांसी लगा ली थी। रेनू की सास कुसुम ने मामले की जानकारी ग्राम प्रधान को दी थी। प्रधान ने सूचना कोतवाली पुलिस को दी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मृतका के पिता करीमुद्दीनपुर निवासी रामनाथ ने रविवार को कोतवाली में तहरीर देकर पति विनय, सास कुसुम, जेठ विनोद व मनोज के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# साप्ताहिक बाजार से लगता हाईवे पर भीषण जाम, लोग होते हलकान



बाजार लगी होने से हाईवे पर लगा भीषण जाम। अमृत विचार

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित नवाबगंज कस्बे में लगने वाली साप्ताहिक बाजार से जाम की स्थिति बनी रहती है। सवारियां बैठाने को टेंपो सड़क पर खड़े रहते हैं। जिससे हादसों का अंदेशा बना रहता है। रविवार सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक भीषण जाम लगा रहा। जिससे आमजन परेशान होते रहे।

- सवारियां बैठाने को टेंपो बीच सड़क पर ही खड़े रहते

बता दें कि नवाबगंज कस्बे में लगने वाली साप्ताहिक बाजार में दुकानदार सर्विस रोड व सड़क पर दुकानें लगाते हैं। इसके साथ सवारी वाहन भी सड़क पर खड़े हो जाते हैं। जिससे हाईवे पर निकलने वाले वाहनों को दिक्कतें होती हैं और वाहनों की लम्बी कतार लग जाती है। सबसे अधिक परेशानी सर्विस रोड के बाहर खड़े होने वाले सवारी वाहनों से होती है। इस गंभीर समस्या को लेकर प्रशासन आंखे मूंदे रहता है। रविवार को भी बाजार में काफी भीड़ रही। जिससे रुक-रुककर जाम लगता रहा। क्षेत्रीय लोगो ने सड़क पर खड़े होने वाले वाहनों से निजात दिलाने की मांग की है। नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी ने बताया कि कई बार लोगों नोटिस दिया गया है। जल्द समस्या से निजात दिलाने का प्रयास होगा।

विरोध जताया — शिक्षक नेताओं ने एकसुर में कहा सभी शिक्षकों को उनका हक न मिलने तक संघर्ष लगातार जारी रहेगा

# धरने पर बैठे शिक्षक, अन्य संगठनों ने भी दिया साथ

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बीएलओ, एमआरपी व अन्य दायित्व संभाल रहे शिक्षकों के सामने अंतर जिला पारस्परिक स्थानांतरण के लाभ से वंचित होने का संकट खड़ा हो गया। बीती शाम बीएसए संगीता सिंह से मिले भरोसे के बावजूद कार्यालय में ताला बंद देख उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ब्रजेश पांडेय का पारा हाई हो गया। बीएसए के फोन न उठाने पर जिलाध्यक्ष को अकेले ही धरने पर बैठकर संघ पदाधिकारियों व सभी शिक्षक नेताओं से शिक्षकों की लड़ाई में सहयोगी बनने की अपील करनी पड़ी।

बता दें कि लगातार प्रयासों के बावजूद स्थानांतरण संबंधी पत्रावली डीएम कार्यालय में लंबित रही। धरना शुरू करते हुए शिक्षकों को कार्यमुक्त कर ज्वाइनिंग का गतिरोध समाप्त नहीं हो सका। इस पर जिलाध्यक्ष ने सदर विधायक पंकज गुप्ता व भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला को प्रकरण बताकर डीएम के यहां लंबित पत्रावली बीएसए कार्यालय पहुंचवाने की अपील की। इसके बाद डेढ़ बजे डीएम की स्वीकृति पहुंच गई, लेकिन वह बीएसए कार्यालय नहीं पहुंच सकीं और न ही कोई बीईओ ही अपने कार्यालय में मौजूद था। शिक्षक नेताओं ने अधिकारियों के तैनाती स्थलों पर निवास न बनाने को सेवा नियमावली का अपमान बता नाराजगी जताते रहे। करीब तीन बजे स्वीकृति बीएसए कार्यालय तो पहुंची लेकिन, बीआरसी पर बीईओ की अनुपलब्धता से किसी स्थानांतरित शिक्षक को कार्यमुक्त नहीं किया जा सका। बीएसए की कोशिशों के बाद भी जिले के सभी 16 ब्लाक क्षेत्र के बीईओ शाम पांच तक कार्यालय नहीं पहुंच सके। इस पर जिलाध्यक्ष ने स्थानांतरित 350 शिक्षक-शिक्षिकाओं को विभागीय सचिव के आदेश के क्रम में रविवार को नए तैनाती स्थलों पर ज्वाइनिंग न कराने तक धरना जारी रखने का ऐलान कर दिया। कहा कि अब यह जिम्मेदारी बीएसए सहित डीएम की है। वर्षों बाद शिक्षकों को विभाग ने स्थानांतरण की सुविधा दी है। जिससे उन्हें वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। धरना में संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय सिंह, उपाध्यक्ष सूर्यकांत सिंह, मदन पांडेय, कृष्णेश, तौसीफ अली, अभिषेक मिश्र,रज्जू प्रसाद, फूलचंद, सरल कुमार, संतोष कुमार श्यामू चौरसिया आदि शिक्षक नेता शामिल रहे।



भीषण ठंड में छोटे बच्चों सहित धरने में शामिल शिक्षिकाएं। अमृत विचार

### अन्य शिक्षक संगठनों ने दिखाया बड़ा दिल

शिक्षक हित में हो रहे धरने अन्य शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी बड़ा दिल दिखाया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष की एक अपील पर जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह व जूनियर शिक्षक संघ (पूर्व माध्यमिक) के प्रांतीय कोषाध्यक्ष संजय कनौजिया भी साथियों सहित न सिर्फ धरने पर बैठे, बल्कि स्वीकृति के लिए जिलाधिकारी के कैंप कार्यालय भी गए। उन्होंने कहा कि नैतिकता के तहत शिक्षक साथियों को उनका हक दिलाने को शिक्षक संगठन के साथ हमेशा खड़ा रहा जाता है।

# जीत मिली तो बुजुर्ग अधिवक्ताओं को प्रति महीने 1000 रुपये पेंशन

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** अधिवक्ताओं के मृतक आश्रितों की सहायता राशि दोगुनी, बुजुर्ग अधिवक्ताओं को पेंशन प्लान, कचहरी परिसर में अधिक से अधिक चैंबरों का निर्माण और अधिवक्ता हितों के लिए हर समय तत्पर और तैयार रहता आया हूं और रहूंगा।

यह बात उन्नाव बार एसोसिएशन के सात बार अध्यक्ष रह चुके व मौजूदा चुनाव में प्रत्याशी सतीश शुक्ला ने सफीपुर में अधिवक्ताओं के सम्मान समारोह में कही। उन्होंने कहा कि मैंने अधिवक्ता हितों की लड़ाई सदैव प्रमुखता से लड़ी है और लड़ता रहूंगा। यदि आप लोगों ने सहयोग व आशीर्वाद दिया और मुझे बार एसोसिएशन उन्नाव का अध्यक्ष बनाया तो 70 वर्ष से अधिक बुजुर्ग अधिवक्ताओं को प्रतिमाह 1000 रुपये पेंशन दिलाई जाएगी। वहीं मृतक अधिवक्ताओं के परिवार की 1 लाख की सहायता राशि बढ़ाकर 2 लाख कराने का प्रयास होगा। साथ ही गंभीर बीमारी से ग्रसित अधिवक्ताओं को अधिकतम 25 हजार तक सहायता उपलब्ध कराने का भी संकल्प है। उन्होंने आह्वान किया कि मात्र एफआईआर दर्ज होने पर किसी अधिवक्ता से अपराधियों जैसा व्यवहार यदि पुलिस करती है तो उसके खिलाफ संघर्ष करता रहूंगा। अधिवक्ता कमल नारायण तिवारी, सफीपुर बार एसोसिएशन के महामंत्री श्याम सुंदर यादव, उपाध्यक्ष संजीव शुक्ला, सर्वेश गुप्ता, ब्रजकिशोर कुशवाहा, सुधीर कुमार, राज किशोर गुप्ता, अजय यादव आदि उपस्थित रहे।



अधिवक्ताओं के साथ मौजूद सतीश शुक्ला। अमृत विचार

# पंजप्यारों की अगुवाई में निकला नगर कीर्तन

## विधायक व जिलाधिकारी सहित अन्य ने पंजप्यारों का किया माल्यार्पण, नगर कीर्तन पर बरसे फूल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


नगर कीर्तन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक पंकज गुप्ता व विमल द्विवेदी।


जुलूस में शामिल लोगों को माला पहनाते चेयरमैन प्रतिनिधि भानू मिश्रा।

**अमृत विचार।** शहर के हाकिमटोला मोहल्ला स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में श्रीगुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाशोत्सव उत्साह व उल्लास के साथ मनाया गया। नगर कीर्तन को सदर विधायक पंकज गुप्ता, डीएम अपूर्वा दुबे व नर सेवा-नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी आदि ने गुरुद्वारा से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भव्य जुलूस शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए गुरुद्वारा पहुंचा। पूरे रास्ते में जगह-जगह लोगों ने कीर्तन में शामिल श्रद्धालुओं व राहगीरों को प्रसाद वितरित किया। साथ ही लोग पूजन-अर्चन कर गुरुग्रंथ साहिब के सामने माथा भी नवाते रहे।

सरबंसदानी दशम गुरु श्रीगुरु गोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर रविवार को गुरुद्वारा में स्थापित श्रीगुरुग्रंथ साहिब के सामने सुबह नौ बजे से ही अरदास लगाने का सिलसिला शुरू हो गया था। इसके बाद रागी जत्थों ने शबद कीर्तन शुरू किया। साथ ही गुरु वाणी व गुरु गोविंद सिंह का सिख पंथ सहित मानवता के कल्याणार्थ महत्व भी बताया गया। दोपहर में गुरुद्वारे में बने निशान साहब के वस्त्र बदलने पर डीएम ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। वहीं पंजप्यारों ने निशान साहब को सलामी दी। डीएम ने परंपरा के तहत पंजप्यारों देवेंद्र सिंह, सुखवीर सिंह भाटिया प्रिंस, चरनजीत सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह, जिम्मी व अन्य अतिथियों का सम्मान किया। डीएम व सभी अतिथियों ने गुरुद्वारा के सामने हरी झंडी दिखाकर कारवां को रवाना किया। जुलूस में सबसे आगे ढोल बजाने वाले चल रहे थे। वहीं ढोल के अलावा नगर कीर्तन यात्रा में शामिल बैंड पार्टियां सिख पंथ से संबंधित धुनों को बजाकर वातावरण को भक्तिमय बनाए रहे। बड़ी संख्या में लोग वाहे गुरु दा खालसा का उद्घोष करते हुए गंतव्य की ओर बढ़ते रहे। जुलूस में स्कूली बच्चों के पीछे अनुष्का पांडेय, आयुषी कनौजिया, दिव्या तिवारी, ईशा पांडेय व नैंसी आदि पंजप्यारों के रूप में जुलूस में शामिल थे। इसके अलावा गुरु की फौज में गुरुनानक स्कूल के बच्चे सैनिक की वेशभूषा में शामिल थे। साथ ही कई बच्चे राम-लक्ष्मण-सीता व राधा-कृष्ण की वेशभूषा में जुलूस के साथ चल रहे थे।


श्रीगुरुग्रंथ साहिब व गुरु गोविंद सिंह जी के रथ के आगे पूरे समय श्रद्धालु सड़क पर झाड़ू लगा पानी के छिड़काव के साथ फूल बिछाते हुए चलते रहे। इस तरह पुष्पों पर से गुजरते हुए निशान साहिब, सवारी व पंजप्यारे आगे बढ़ते रहे। सबसे पीछे महिलाएं भजन-कीर्तन करते हुए चल रहीं थीं। पुरुषों की टोली भी कीर्तन में धन्य गुरु गोविन्द सिंह साहब, वाहे गुरु वाहे गुरु कहते हुए जुलूस का नेतृत्व कर रहे थे। जुलूस में रुक-रुककर आतिशबाजी भी होती रही। चौराहों पर बज रहे भक्तिगीत माहौल को भक्तिमय बनाते रहे। नगर कीर्तन सब्जी मंडी, बड़ा चौराहा, सदर बाजार, छोटा चौराहा, सुंदर सिनेमा, छिपियाना, दादा मियां चौराहा, बड़ा चौराहा, गुरु तेग बहादुर मार्ग व आईबीपी चौराहा होकर वापस गुरुद्वारा पहुंचा। गुरु सिंह सभा के प्रधान अमरिंदर सिंह ने सभी के प्रति आभार जताया। जुलूस की सुरक्षा की कमान सीओ सिटी विजय आनंद व कोतवाली प्रभारी पीके मिश्र संभाले रहे।

## घर में सो रही युवती से पड़ोसी ने किया दुष्कर्म का प्रयास

**फतेहपुर।** घर में सो रही युवती से पड़ोसी ने दीवार फांदकर घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास किया। युवती की चीख पुकार सुनकर परिजनों की नींद खुल गई। युवती से हाथापाई कर भागने की कोशिश में दीवार से टकराने से युवक घायल हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल युवक का मेडिकल परीक्षण कराया है।

कल्यानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने बताया कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री रात में घर में सो रही थी। रात में करीब साढ़े 11 बजे गांव का विपिन दीवार फांदकर घर में घुस आया और वह पुत्री के साथ दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। पुत्री का शोर सुनकर उसकी नींद खुली और उसने पुत्री को बचाने का प्रयास किया तो विपिन ने उसके साथ मारपीट की। युवती की चीख पर बेटों और पति ने विपिन को पकड़ने की कोशिश की। बाउंड्री फांदकर भागने के चक्कर में विपिन दीवार से टकरा गया। उसे पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक रामशंकर सरोज ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का प्रयास, मारपीट, धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## संकरे रास्ते में वाहन फंसने से बैराज मार्ग पर लगा जाम


बैराज मार्ग पर जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार दोपहर संकरे रास्ते के कारण नवीन पुल पर जाम लगने लगा। कुछ देर में फोरलेन तक वाहनों की कतार लग गई। वहीं बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर संकरे रास्ते में आमने-सामने ट्रक फंस गये। जिससे भीषण जाम लगा रहा और वाहन सवारों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी।

रविवार को छुट्टी का दिन होने से बैराज मार्ग पर वाहनों का भार अधिक रहा। इस दौरान दोपहर करीब डेढ़ बजे सरैयां क्रासिंग के संकरे व क्षतिग्रस्त मार्ग पर आमने-सामने ट्रक फंस गये। जिससे जाम लगने लगा। कुछ ही देर में दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। किसी तरह वाहनों को बाहर निकाला गया। जिसके बाद जाम खुल सका। वहीं बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर भी पूरे दिन जाम लगा रहा। जिससे वाहन सवारों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। जाम में कानपुर, उन्नाव, लखनऊ के तमाम वीआईपी भी फंसे रहे। इसके अलावा दोपहर करीब दो बजे नवीन पुल पर संकरे मार्ग के कारण जाम लगने लगा। कुछ ही देर में फोरलेन तक वाहनों की कतारें लग गई। इसी बीच कानपुर की ओर से एक के बाद एक ई बसें आ गई। जिससे जाम और पेंचीदा हो गया। वहीं शाम के समय साप्ताहिक बाजार होने के कारण नवीन पुल के रास्ते पर कई बार जाम लगा रहा।

## त्रिभुवन खेड़ा मार्ग बनाने को मिली मंजूरी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


त्रिभुवन खेड़ा मार्ग अभी इस तरह है खस्ताहाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हाइवे स्थित त्रिभुवन खेड़ा से हड़हा को जाने वाले मार्ग कई सालों से गड्ढ़ों में तब्दील हो गया है। जिससे सैकड़ों गांवों से आने जाने वाले ग्रामीणों को मुसीबतें उठानी पड़ रही है। क्षतिग्रस्त रास्ते को देखते हुये पीडब्ल्यूडी ने सड़क बनवाने के लिये शासन को स्टीमेट भेजा था। जहां सड़क बनाने की स्वीकृति मिली गई है। जिससे अब यहां से आने जाने वाले लोगों को राहत मिलेगी।

हाइवे से जोड़ता हुआ त्रिभुवन खेड़ा मार्ग जो हड़हा के लिये जाता है। जगह-जगह उखड़ कर गड्ढों में तब्दील हो गया है। पैंचवर्क तक नहीं कराया गया है। इस मार्ग से गांवों के खेती किसानी कर सब्जी उगाने वाले सैकड़ों किसान कानपुर मंडी सब्जी बेचने जाते हैं। जगह जगह सडक क्षतिग्रस्त हो कर पगडंडी की तरह तब्दील हो गई है। इस सडक से जुडने वाले रामगंज, मंशा खेड़ा, कुटेवा, डकारी, लखापुर, लोचन खेड़ा, पपरिया, रमचरामऊ, लगभग एक सैकड़ा गांव के हजारों लोग इस मार्ग से प्रतिदिन आते जाते हैं। सडक की मरम्मत न होने के कारण ग्रामीण पंद्रह किलोमीटर का चक्कर काट कर अचलगंज बदरका होते हुये निकलने को मजबूर हैं। त्रिभुवन खेड़ा गांव के पास मुख्य मार्ग पर जलभराव और कीचड़ होने के कारण यहां के रहने वाले लोग नारकीय जीवन जी रहे हैं। जिस पर पीडब्ल्यूडी ने कुछ दिन पहले शासन को स्टीमेट भेजा थो जो मंजूर हो गया है।

पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता अभिनेष कुमार ने बताया कि पांच सौ मीटर से अधिक की स्वीकृति मिली है। टेंडर प्रक्रिया होने के बाद जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य चालू हो जायेगा। इसके साथ ही सड़के के दोनों ओर नाली निर्माण भी कराया जायेगा।

## भूमि विवाद को लेकर भाजपा नेता के घर पर की बमबाजी

संवाददाता गाजीपुर

- देर रात करीब दो बजे मकान में मारे देसी बम
- तहरीर मिलने पर पुलिस ने शुरू की जांच पड़ताल

**अमृत विचार।** गाजीपुर थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात जमीन के विवाद में बमबाजी हुई। निर्माणाधीन मकान में दूसरे पक्ष ने देशी बमों से हमला कर दिया। बमबाजी की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के इंद्रो पुल के नजदीक भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष हीरालाल लोधी मकान निर्माण करा रहे हैं। मकान में छत पड़ने का काम अंतिम चरण में है। मकान की जमीन पर दावा कर रहे दूसरे पक्ष ने मकान में देर रात करीब दो बजे बमबाजी कर दी। पांच बम मकान की दीवार में मारे गए। बताया जा रहा है कि बम के हमले से दीवार का एक हिस्सा चटक गया है। हीरालाल ने बताया कि जिस जमीन पर भाजपा नेता मकान निर्माण करा रहे हैं। उस जमीन पर कुछ लोग अपना दावा कर रहे हैं। मामले में मुकदमेबाजी भी हुई। कई बार विवाद का मामला थाने तक पहुंचा, लेकिन बताया जा रहा है कि जर्मीन पर भाजपा नेता का दावा मजबूत है। जिसके बाद उन्होंने मकान निर्माण कराना शुरू किया था। थाना प्रभारी विनोद मिश्रा ने बताया हीरालाल की तरफ से तहरीर मिली है, पुराना विवाद सामने आया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं भाजपा विधायक विकास गुप्ता ने मौके पर जाकर देखा और उन्होंने ऐसा काम करने वाले की निंदा की।

## ब्रह्मसभा के स्वास्थ्य शिविर में 446 मरीजों का किया परीक्षण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


शिविर में मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर सचिन मिश्रा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रविवार को राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में ब्रह्मसभा की ओर से स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। जहां नगर व आसपास से मरीज पहुंचे। इस दौरान शिविर में मौजूद रीजेंसी अस्पताल के विशेषज्ञों ने उनका परीक्षण करते हुये उन्हें दवाइयां दी।

ब्रह्मसभा की ओर से रविवार को ब्रम्हलीन महामंडलेश्वर स्वामी बजरंगवली ब्रम्हचारी व पं. शिवनारायण मिश्रा की स्मृति में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ वरिष्ठ चिकित्सक डा. राधा कृष्ण मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान रीजेंसी के वरिष्ठ चिकित्सक डा. सौरभ मिश्रा, डा. सचिन मिश्रा, डा. अपराजिता मिश्रा, डा. संगीता शुक्ला, डा. एसके गुलाटी, डा. प्रकाश खत्री, डा. नवीन गुप्ता, डा. प्राची सिंह, डा. हर्ष मिश्रा, डा. सर्वेश पांडे, डा. शैलजा मिश्रा ने मरीजों का परीक्षण किया और दवाइयां दीं।

इस दौरान ब्रह्मसभा की ओर से सभी डॉक्टरों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। ब्रह्मसभा अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने बताया कि शिविर में 446 मरीजों का परीक्षण किया गया। इस मौके पर आशुतोष शुक्ला, श्रीकांत पांडे, तारकेश्वर पांडे, ओपी दीक्षित, अवनीश शुक्ला, योगेंद्र देव त्रिपाठी, अनुज तिवारी, अंजनीकांत मिश्रा, जगदीश शुक्ला, सूर्य कुमार बाजपेई, सरोज मिश्रा, प्रमोद भंडारी मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर पुजारी की मौत

संवाददाता फतेहपुर

- भाग रहे चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया

**अमृत विचार।** राधानगर थाना क्षेत्र के अंदौली रोड पावर हाउस के सामने शनिवार की देर शाम ट्रक की चपेट में आ जाने से साइकिल सवार पुजारी की मौत हो गई। घटना कर भाग रहे चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

राधानगर थाना क्षेत्र के टीसी गांव निवासी शिवभजन द्विवेदी का पुत्र रमेश द्विवेदी पुजारी है। बताते हैं कि शनिवार देर शाम पूजा कर साइकिल से घर वापस जा रहा था। जैसे ही वह राधानगर पावर हाउस के सामने पहुंचा, उसी समय एक ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। समाजसेवी अशोक तपस्वी ने तत्काल पुजारी को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने पुजारी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## पूर्व सेनानायक उदयराज सिंह का निधन

संवाददाता पाटन उन्नाव


पूर्व सेनानायक उदयराज सिंह।

**अमृत विचार।** सेनानायक के पद पर रहकर कई युद्धों में अहम भूमिका निभाने वाले वयोवृद्ध उदयराज सिंह का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को बक्सर स्थित गंगातट पर हुआ। इस मौके पर सेना की टुकड़ी ने पहुंचकर उन्हें अंतिम सलामी दी। उनके निधन पर क्षेत्रीय लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

सन 1962, 1965 व 1971 के युद्ध में राजपूत 21 यूनिट के सेनानायक रहकर अहम भूमिका निभाने वाले फौजी उदयराज सिंह के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। वे मनीखेड़ा, ऊंचगांव के मूल निवासी थे। उदयराज सिंह सन 1955 में सेना में भर्ती हुए थे और 20 साल सेवा देने के बाद वर्ष 1975 में सेवानिवृत हुए थे। उनके दो बेटों में धीरज सिंह अहमदाबाद में परिवार के साथ रहते हैं और देवेंद्र प्रताप सिंह सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद एसबीआई लखनऊ में सेवारत हैं। एक बेटी सरस्वती सिंह विवाहित हैं। सेनानायक रहते हुए उनकी वीरता के तमाम प्रसंग क्षेत्रवासियों की चर्चा में रहते थे। सेवानिवृत होकर वे मनीखेड़ा में रहकर भी फौज के नियमों का पालन करते थे। वर्तमान में वह अपने छोटे बेटे देवेंद्र प्रताप सिंह के पास लखनऊ में रह रहे थे। देवेंद्र ने बताया कि शनिवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना पर 17 कुमाऊं रेजीमेंट की टुकड़ी ने उनके पार्थिव शरीर को तिरंगा भेंटकर सलामी दी।

## दीवार में सेंध लगाकर लाखों का माल पार

संवाददाता किशनपुर, फतेहपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र मड़ैयन मजरे गढ़ा गांव में शुक्रवार की रात चोरों ने दीवार की सेंध लगाकर लाखों का माल पार कर दिया। सुबह नींद खुलने पर दीवार में सेंध लगी देख पीड़ित के होश उड़ गए। जिसके बाद पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।

मड़ैयन गांव निवासी अवध नारायण निषाद शुक्रवार की देर शाम खाना खाकर सोने चला गया था। उसी दौरान चोरों ने उसके कच्चे मकान की दीवार में सेंध लगाकर घर में रखी नकदी व चांदी के जेवर उठा ले गए। सुबह जब पीड़ित की नींद खुली तो सेंध देख उसके होश उड़ गए। पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पीड़ित ने बताया कि आवास योजना में आई पहली किस्त के 40 हजार रुपये भी घर में रखे थे। साथ ही कुछ चांदी के जेवर भी चोरी हो गए।

## जायदाद के लालच में वृद्ध पिता पर जानलेवा हमला

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के नऊवाबाग इलाके में जायदाद की लालच में बेटे ने बुजुर्ग पिता के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। बुजुर्ग को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

नउवाबाग निवासी रामभरोसे ने बताया कि बेटे ने पूरी ज़मीन पर कब्जा कर रखा है। बड़े बेटे की मौत के बाद बहू की दोबारा शादी करने के लिए उन्होंने ज़मीन बेचनी चाही तो बेटे ने हमला कर दिया।

लोकसभा चुनाव-2024

उद्घाटन अवसर पर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विपक्ष पर साधा निशाना

# जीत के दावे के साथ सांसद के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


चुनाव कार्यालय के उद्घाटन में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व अतिथियों का माल्यार्पण।


उद्घाटन करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा।

**अमृत विचार।** पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम योगी आदित्यनाथ की दृढ़ इच्छाशक्ति से देश के साथ प्रदेश निरंतर विकास व जनकल्याण को शिखर छू रहा है। पूर्व की सरकारों ने प्रदेश को बीमारू बना रखा था। बीते कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश अब उन्नत प्रदेश बन चुका है। यह बात प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर कही।

उन्होंने कहा की पीएम ने देश की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल दी हैं। उन्होंने पीएम बनने के बाद से लोकसभा को हमेशा मंदिर का मान दिया है। पहली बार किसी पीएम ने संसाधनों पर सबसे पहला हक गरीबों का होने की बात साबित की, इसीलिए उन्होंने उनके लिए सरकार पूरी योजनाएं बना पीएम आवास, शौचालय, उज्जवला आदि योजनाओं का क्रियान्वयन कराया। उन्होंने अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण करा सनातन संस्कृति को मजबूती दी है। जिसके लिए सनातन संस्कृति से जुड़े लोग 500 वर्षों से संघर्ष कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि यूपी की सभी 80 सीटों व देश की 400 से अधिक लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत होगी। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि गैर भाजपा सरकारें लोगों से झूठे वादे करती रहीं। सभी को सपने दिखाकर जातीयता के आधार पर ठगा जाता रहा इसीलिए सपा व बसपा की सरकारें दोबारा निर्वाचित नहीं हो सकीं। भाजपा केंद्र सहित प्रदेश की सत्ता में दो-दो बार निर्वाचित हो चुकी हैं। इस दौरान पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने कहा कि सभी को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना है। जिससे भाजपा को फिर पूर्ण बहुमत से सत्ता में काबिज कराकर भारत को एक बार फिर विश्वगुरु बनाने का लक्ष्य पूर्ण किया जा सके। लोकसभा प्रभारी सौरभ मिश्रा ने सभी से वाणी और व्यवहार पर संयम रखते हुए भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की अपील की।

सांसद साक्षी महाराज ने क्लस्टर इंचार्ज लोकसभा प्रभारी, संयोजक, जिला प्रभारी व जिलाध्यक्ष सहित सभी जनप्रतिनिधियों, नेताओं व कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा ने दावा किया कि सभी के प्रयासों से होने वाले लोकसभा चुनाव में पहले से बड़ी एतिहासिक जीत मिलेगी। जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने लोकसभा चुनाव में पांच लाख से जीत दर्ज होने का दावा किया। इससे पहले सभी वरिष्ठ नेताओं ने परंपरागत ढंग से कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान लोकसभा संयोजक व क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा भगवती प्रसाद रावत, सदर विधायक पंकज गुप्ता, बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार, मोहान विधायक बृजेश रावत, सफीपुर विधायक बंबालाल दिवाकर, भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला, पुरवा विधायक अनिल सिंह, एमएलसी रामचंद्र सिंह प्रधान सहित अन्य सभी वरिष्ठ भाजपा नेता मौजूद रहे।

### नीतीश के आने से मजबूत होगा एनडीए: सुरेश खन्ना

**उन्नाव।** उप्र सरकार में वित्त एवं संसदीय राज्यमंत्री सुरेश खन्ना ने बिहार प्रांत के सीएम के भाजपा में शामिल होने पर कहा कि नीतीश कुमार ने आज एनडीए का दामन थामा है। नीतीश के आने से एनडीए गठबंधन को और मजबूती मिलेगी। भाजपा नेतृत्व नीतीश के फैसले का स्वागत करती है। उन्होंने एक सवाल पर सधे अंदाज में कहा कि राजनीति में बड़े-बड़े समझौते होते हैं। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में एक बार फिर मोदी सरकार बनने का दावा किया है।

## फैजाबाद के स्पेशलिस्ट नई क्रासिंग का करेंगे अंतिम कार्य


सरैयां की नई क्रासिंग पर काम करते स्पेशलिस्ट। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बैराज मार्ग पर आरओबी निर्माण के लिये सरैयां क्रासिंग के बगल में दूसरी क्रासिंग बनाई गई है। जिसे चालू करने के लिये एसएनटी विभाग ने फैजाबाद के स्पेशलिस्ट बुलाये हैं। जल्द ही क्रासिंग यातायात के लिये चालू हो जायेगी। जिससे जाम से निजात मिल सकेगी।

बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर आरओबी का निर्माण चल रहा है। पुरानी क्रासिंग से आरओबी होकर निकलेगा। जिससे यातायात प्रभावित हो सकता है। जिसे देखते हुये विभाग ने बगल में दूसरी क्रासिंग बनाई थी। जिसका लगभग नब्बे फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। एसएनटी विभाग ने क्रासिंग चालू करने के लिये फैजाबाद के स्पेशलिस्टों को बुलाया है। जो क्रासिंग के कार्य को अंतिम रूप देंगे। एसएनटी विभाग के विजय शर्मा ने बताया कि जल्द ही कार्य पूरा होने के बाद यातायात के लिये क्रासिंग खोल दी जायेगी। जिससे बैराज मार्ग पर जाम से निजात मिल सकेगी।

